राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

# फरीदाबाद की आवाज़

Email : faridabadkiawaz@gmail.com

RNI No. -DELHIN/2017/76338

वर्ष : 07 अंक : 18 दिल्ली से प्रकाशित सोमवार 1-7 अप्रैल 2024 Website : faridabadkiawaz.com

मूल्य : 5/- रु. पृष्ठ : 8



देश की आवाज़

## राष्ट्रपति मुर्मू ने लाल कृष्ण आडवाणी को किया भारत रत्न से सम्मानित

### इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति धनखड़, पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू रहे मौजूद

**नई दिल्ली। (एजेंसी)**

भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता एवं पूर्व उप-प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को रविवार को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आडवाणी के आवास जाकर देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी आडवाणी के आवास पर मौजूद थे। बता दें कि राष्ट्रपति भवन में अलंकरण समारोह आयोजित किया गया था, इसमें आडवाणी शामिल नहीं हो सके थे क्योंकि उनकी तबियत ठीक नहीं थी।

इसके बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने रविवार को आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने इस दौरान की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की। इन तस्वीरों के साथ राष्ट्रपति कार्यालय ने लिखा, भारतीय राजनीति के पुरोधा श्री आडवाणी ने सात दशकों से अधिक समय तक अटूट समर्पण और असाधारण कौशल के साथ देश की सेवा की है। वर्ष 1927 में कराची में जन्मे, श्री आडवाणी 1947 में विभाजन की पृष्ठभूमि में भारत चले आए। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अपने दृष्टिकोण के साथ, उन्होंने पूरे देश में दशकों तक कड़ी मेहनत की और सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में परिवर्तन किया। उन्होंने लिखा, एक सांसद के रूप में संवाद पर उनकी आस्था ने संसदीय परंपराओं को समृद्ध किया। केंद्रीय गृह मंत्री तथा उप प्रधान मंत्री के रूप में, उन्होंने सदैव राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखा, जिससे उन्हें दलगत सीमाओं से परे जाकर लोगों ने सम्मान और प्रशंसा प्रदान की। भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए उनके लंबे और अथक संघर्ष की परिणति 2024 में अयोध्या में श्री राम मंदिर के पुनर्निर्माण के रूप में हुई। वे स्वतंत्रता के बाद के उन गिने-चुने राजनीतिक नेताओं में हैं जो राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को नया स्वरूप देने और देश को विकास-पथ पर आगे ले जाने में सफल रहे। भारत सरकार ने फरवरी की शुरुआत में बीजेपी के वरिष्ठ नेता आडवाणी को भारत रत्न देने की

भारत रत्न देने पर आडवाणी ने खुशी जताकर सभी का शुक्रिया किया था। आडवाणी के हवाले से उनकी बेटी प्रतिभा आडवाणी कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया।



उन्होंने कहा कि वह बहुत अभिभूत हैं। वह कम बोलने वाले व्यक्ति हैं। लेकिन उसकी आंखों में आंसू थे। उन्हें इसकी खुशी और संतुष्टि है, कि उन्होंने अपना पूरा जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया।

## सम्पादकीय

### रीति रिवाजों के नाम पर लैंगिक भेदभाव से मुक्त नहीं हुआ समाज



दिनेश शर्मा

हमारे समाज में अक्सर ऐसे कई रीति रिवाज देखने को मिलते हैं जिससे लैंगिक भेदभाव स्पष्ट रूप से नज़र आता है. लड़का और लड़की के जन्म से लेकर उसके शादी-ब्याह, दहेज और संपत्ति के अधिकार तक के मामले में यह भेदभाव नज़र आता है. लड़का के जन्म पर जहां जश्न मनाया जाता है, तो वहीं लड़की के पैदा होते ही घर में मातम छा जाता है. गर्भवती महिलाओं से उसके ससुराल वाले यह आशा करते हैं कि वह लड़के को जन्म देगी. जिस महिला के जितने अधिक लड़के होते हैं समाज में उसका उतना ही अधिक सम्मान होता है. इसके विपरीत लड़की को जन्म देनी वाली महिला को अपमानित किया जाता है. शहरी क्षेत्रों की तुलना में यह भेदभाव देश के ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक नज़र आता है. कई बार महिलाएं इस प्रकार की हिंसा से इतनी प्रभावित हो जाती हैं कि उनका व्यवहार भी ऐसे मामलों में भेदभावपूर्ण नज़र आने लगता है. ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार गैर क़ानूनी तरीके से गर्भावस्था में ही लिंग जांच कर कर भ्रूण हत्या तक कर दी जाती है. अपनी किस्मत से यदि कोई लड़की बच गई तो उसे दहेज और अन्य रीति रिवाजों के माध्यम से प्रताड़ित किया जाता है. शिक्षा और जागरूकता के कारण शहरी क्षेत्रों में जहां कई ऐसे रीति रिवाज लगभग समाप्त हो गए हैं जिससे महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है, वहीं देश के दूर दराज़ के ग्रामीण क्षेत्रों में इसके अभाव के कारण यह आज भी समाज के लिए एक कलंक बना हुआ है. पहाड़ी राज्य उत्तराखंड का लामाबगड़ गांव इसका एक उदाहरण है. जिला बागेश्वर स्थित कपकोट ब्लॉक से करीब 21 किमी दूर इस गांव में कई ऐसी सामाजिक बुराईयां देखने को मिल जाती हैं जिससे लैंगिक भेदभाव स्पष्ट रूप से नज़र आता है. चिंता की बात यह है कि इसे समाप्त करने की जगह बढ़ावा दिया जाता है. पंचायत से मिले आंकड़ों के अनुसार इस गांव की आबादी लगभग 1500 के करीब है. अनुसूचित जनजाति बहुल इस गांव में उच्च जातियों की संख्या मात्र दस प्रतिशत है. साक्षरता के मामले में भी महिला और पुरुष में काफी बड़ा अंतर नज़र आता है. पुरुषों के 40 प्रतिशत की तुलना में महिला साक्षरता की दर मात्र 22.2 प्रतिशत है. यह अंतर जहां जागरूकता की कमी को दर्शाता है वहीं समाज में दहेज जैसी बुराई को भी अपनी जड़ें मज़बूत करने में सहायता प्रदान करता है. गांव की एक 20 वर्षीय नवविवाहित कमला (बदला हुआ नाम) कहती है कि %हाल ही में मेरी शादी हुई है. मेरे पति सरकारी नौकरी करते हैं. शादी के समय मेरे ससुराल वालो की मांग बहुत ज्यादा थी. मेरे घर वालों ने अच्छा रिश्ता देखकर उनकी हर मांग को स्वीकार कर लिया और बहुत सारा दहेज दिया है. इसकी वजह से वह कर्ज में डूबे हुए हैं. मुझे उनका ये दुख देखा नहीं जाता है. इसके कारण मैं कई बार मानसिक तनाव में रहती हूं. न जाने कब तक वो ये कर्ज चुकाते रहेंगे?% 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली गांव की एक किशोरी कमला कहती है कि ÷मैं सरकारी स्कूल में पढ़ती हूं जबकि मेरा भाई बाहर शहर में पढ़ने गया है. 12वीं के के बाद घर वाले मुझे आगे नहीं पढ़ाएंगे. जब भी मैं आगे पढ़ने की बात करती हूं हो तो घर वाले बोलते हैं कि जितनी तेरी पढ़ाई में खर्च करेंगे उतने में तेरी शादी के लिए दहेज की व्यवस्था हो जायेगी. इसलिए 12वीं के बाद मुझे घर का काम करने को कहा गया है.

## ममता का बगावती सुर.....

## बंगाल में कोई इंडिया गठबंधन नहीं

### माकपा और कांग्रेस भाजपा के लिए काम कर रहे

**कृष्णानगर। (एजेंसी)**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतने के लक्ष्य का मखौल उड़ाकर भाजपा को 200 सीट का आंकड़ा पार करने की चुनौती दी। ममता ने कहा कि वह नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को राज्य में लागू होने नहीं देंगी। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि सीएए के लिए आवेदन करने वाला व्यक्ति विदेशी बन जाएगा। उन्होंने लोगों से इसके लिए आवेदन न करने का अनुरोध किया।

ममता ने कहा, ''भाजपा कह रही है '400 पार', मैं उन्हें पहले 200 सीट का आंकड़ा पार करने की चुनौती देती हूं। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 200 से अधिक सीट लाने का आह्वान किया था, लेकिन महज 77 पर रुक गई। उन्होंने महीने की शुरुआत में लगी चोट के बाद पहली रैली को संबोधित कर कहा, ''सीएए वैध नागरिकों को विदेशी बनाने का जाल है। हम पश्चिम बंगाल में न सीएए और न ही राष्ट्रीय नागरिक पंजी लागू होने देने वाले हैं।



ममता ने बंगाल में ''भाजपा से हाथ मिलाने'' के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों - मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने टीएमसी प्रत्याशी महुआ मोइत्रा के समर्थन में कृष्णानगर में एक चुनावी रैली में कहा, 'बंगाल में कोई 'इंडिया' गठबंधन नहीं है। माकपा और कांग्रेस बंगाल में भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी सांसद मोइत्रा को बदनाम किया गया और उन्हें लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया, क्योंकि वह भाजपा के खिलाफ मुखर थीं।

## लोगों से अपनी सरकार चुनने का हक छीन लेना चाहते हैं पीएम मोदी : राहुल गांधी

**नई दिल्ली। (एजेंसी)**

कांग्रेस नेता और पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर लोकतंत्र का ''गला घोंटने का आरोप लगाकर कहा कि ऐसा लगता है कि देश में सरकार नहीं, कोई ''आपराधिक गिरोह'' चलाया जा रहा हो। राहुल गांधी ने केंद्र पर यह प्रहार विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रैली से पहले किया, जिसे कांग्रेस ने ''लोकतंत्र बचाओ रैली'' करार दिया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया, मोदी लोकतंत्र का गला दबाकर जनता से अपनी पसंद की सरकार चुनने का विकल्प छीन लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''एक तरफ जहां 'चंदे का धंधा' कर रही भाजपा देश में 'वसूली



सरकार' चला रही है, वहीं दूसरी तरफ प्रमुख विपक्षी दल का (बैंक) खाता 'फ्रीज' (लेन-देन पर रोक लगा) कर, मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल कर और हर स्वतंत्र आवाज को दबाकर वह विपक्ष को जायज ढंग से चुनाव तक नहीं लड़ने देना चाहती।'' राहुल गांधी ने दावा किया, जो भाजपा के साथ नहीं, उन्हें जेल। जो भाजपा को चंदा दे- उसे बेल (जमानत)। राहुल ने आरोप लगाया, ऐसा लगता है देश में सरकार नहीं, कोई आपराधिक गैंग चलाया जा रहा हो।

## भारत में बाहर से जमकर आया पैसा

### विदेशी मुद्रा भंडार पहुंचा 642.631 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।**

विदेशियों को भारतीय बाजार खूब पसंद आ रहा है। लगातार पांचवे सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई और अब भारत का विदेशी मुद्रा भंडार ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच गया है। हाल ही में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 140 मिलियन डॉलर का इजाफा हुआ है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने जानकारी दी कि 22 मार्च तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढक़र 642.631 अरब डॉलर की ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया है।

इससे एक सप्ताह पहले भी विदेशी मुद्रा भंडार में 6.396 अरब डॉलर की रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है, जो 642.492 अरब डॉलर तक पहुंच गया था।

**डॉलर के अलावा ये मुद्राएं भी बढ़ीं**

हायर विदेशी पोर्टफोलिया इंवेस्टमेंट फ्लो उच्च भंडार के लिए प्रमुख सोर्स रहा है, जो भारतीय बाजारों में विदेशी निवेशकों के बढ़ते विश्वास का भी संकेत है। इस डाटा के मुताबिक विदेशी मुद्रा संपत्ति में 123 मिलियन डॉलर की कमी आई है, जो 568.264 अरब डॉलर पर पहुंच गई है।

विदेश मुद्रा भंडार के तहत पाउंड, यूरो और येन जैसी मुद्राएं भी शामिल हैं। आरबीआई ने बताया कि सप्ताह के दौरान गोल्ड रिजर्व में भी बढ़ोतरी हुई है, जो 347 मिलियन डॉलर बढक़र 51.487 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। इसके अलावा स्पेशल ड्रॉविंग राइट्स 57 मिलियन डॉलर कम होकर 18.219 अरब डॉलर पहुंच गया है। सप्ताह के दौरान भारत में एफपीआई ने सबसे ज्यादा निवेश कैपिटल प्रोडक्ट्स, ऑटोमोबाइल, फाइनेंस, टेलीकॉम और रियल एस्टेट में किया है। जबकि आईटी सेक्टर में बिक्री की है।

**सितंबर 2021 का टूटा रिकॉर्ड**

गौरतलब है कि इससे पहले विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2021 में सबसे ज्यादा था। इस समय भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 642.453 बिलियन डॉलर पर हो गया था।

फिर केंद्रीय बैंक द्वारा रुपये को गिरने से रोकने लिए इस मुद्रा का भारी मात्रा में उपयोग किया था, तब इसमें बड़ी गिरावट आई थी।

### राहुल ने दी गारंटी बोले-

## सरकार बदलने पर लोकतंत्र का चीर हरण करने वालों को सबक सिखाएंगे

**नई दिल्ली।**

कांग्रेस के फ्रीज हुए खाते और आयकर विभाग की विसंगतियों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने काफी नाराजगी जाहिर की है।कांग्रेस ने आरोप लगाया कि आयकर विभाग ने भारतीय जनता पार्टी को लेकर आंखें बंद कर ली हैं, जबकि उस पर 4600 करोड़ रुपये का जुर्माना बनता है। पार्टी ने यह दावा भी किया कि लोकसभा चुनाव से पहले कर आतंकवाद के जरिये विपक्ष पर हमला किया जा रहा है। पार्टी को 1823 करोड़ रुपये के भुगतान के नोटिस जारी किए हैं। इसे लेकर कांग्रेस नेता आईटी डिपार्टमेंट पर काफी भड़के नजर आए। मुख्य विपक्षी दल के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान दिए एक बयान का वीडियो एक्स पर साझा किया। इसके साथ उन्होंने पोस्ट किया, 'जब सरकार बदलेगी तो लोकतंत्र का चीरहरण करने वालों पर कार्रवाई जरूर होगी। ऐसी कार्रवाई होगी कि दोबारा फिर किसी की हिम्मत नहीं होगी, ये सब करने की। यह मेरी गारंटी है।'कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, भाजपा की ओर से 42 करोड़ रुपये जमा करने के लिए 4,600 करोड़ रुपये के जुर्माने की अनदेखी की गई, जबकि कांग्रेस के विधायकों और सांसदों द्वारा 14 लाख नकद जमा करने के लिए 135 करोड़ रुपये के जुर्माने की मांग की गई है।मल्लिकार्जुन खरगे ने सवाल किया कि केवल विपक्ष के खिलाफ इस अनुचित तरीके से कार्रवाई करने के लिए आयकर विभाग पर कौन दबाव डाल रहा है? कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया, 'मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को परेशान करने के लिए आयकर विभाग को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति क्यों दी जा रही है?

वे लोकतंत्र को नष्ट करने और संविधान को कमजोर करने के लिए आयकर विभाग, ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दावा किया कि केंद्र सरकार कांग्रेस को वित्तीय रूप से दिवालिया करने का प्रयास कर रही है।



## केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर बोले- हमारा अगले 5 साल का रोडमैप तैयार है

**लखनऊ।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार को अगले 5 साल में क्या करना है इसका रोडमैप तैयार है। पहले घोटाले होते थे अब विकास होता है। वे शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में विकसित भारत एंबेसडर सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में भारत ने विकास यात्रा तय की है। अच्छी सरकार चुनने के लिए जागरूक मतदाता चाहिए। मोदी सरकार को पहले 100 दिन में क्या करना है और अगले 5 साल में क्या करना है इसका रोडमैप बना लिया गया है। मोदी सरकार अगले 25 साल में विकसित भारत कैसे बनाना है उसका रोड मैप भी बना चुकी है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन की हालत ऐसी है कि पंजाब में आम आदमी पार्टी को कांग्रेस देखने को राजी नहीं है। पश्चिम बंगाल में तालमेल नहीं है। उत्तर से राहुल गांधी की विदाई हो चुकी है। गठबंधन के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ये सब लोग दिखावे के लिए इकट्ठे हुए हैं।

# करनाल में बड़ी वारदात, दिनदहाड़े गाड़ी पर हमला कर एक युवक व दो युवतियों का अपहरण

हरियाणा के करनाल शहर की निर्मल कुटिया चौक से आईटीआई चौक की तरफ जा रहे एक युवक व दो युवतियों का एक अज्ञात कार सवार बदमाशों द्वारा अपहरण करने का मामला सामने आ रहा है। घटना शनिवार दोपहर करीब दो से ढाई बजे की बीच की है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी अनुसार, दयानंद कॉलोनी निवासी सौरव राणा दो युवतियों के साथ कार में सेक्टर-12 निर्मल कुटिया से आईटीआई की तरफ अपने घर जा रहा था। इसी बीच पीछे से एक अज्ञात कार सवार तीन बदमाशों ने उनकी कार के आगे अपनी कार अड़ा दी और कार से उतरते ही पीड़ित की कार पर हमला बोल दिया।

वहीं कार के अंदर बैठे सौरव राणा व दो अज्ञात युवतियों के साथ मारपीट की गई और बाद में उन्हें जबरदस्ती अपनी कार में बैठाकर अपहरण कर लिया गया। बताया जा रहा है कि युवक को 31 मार्च रविवार यानी कल लंदन जाना था लेकिन उससे पहले उसकी गाड़ी पर हमला कर उसका अपहरण कर लिया गया। पुलिस ने वारदात के स्थान पर पड़े हुए युवक का चश्मा व क्षतिग्रस्त होंडा की आई20 कार को अपने कब्जे में ले लिया गया है और जांच शुरू कर दी है।

### दोस्त ने गाड़ी पहचान रुका और पुलिस व परिजनों को दी सूचना

वारदात के कुछ देर बाद कुछ लोग क्षतिग्रस्त गाड़ी को देखकर रुक गए। इसी दौरान किसी काम से जा रहे सौरव के दोस्त की कार पर नजर पड़ी तो वह अपने दोस्त की कार देखकर रुक गया और पास जाकर देखा तो उसमें कोई नहीं था लेकिन गाड़ी चालू हालत में खड़ी थी। वहीं गाड़ी के शीशे टूटे हुए थे। उसके दोस्त का चश्मा व एक अज्ञात लड़की का सेंडल भी पड़ा हुआ था। उसके बाद उसने अपने दोस्त को फोन किया तो वह फोन नहीं उठाया तो उसने पुलिस व परिजनों का सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस की टीमों ने जायजा लिया और सामान व गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया।

उन्हें नेशनल हाईवे पर गाड़ी पर हमला व चालक के साथ मारपीट करने की सूचना मिली थी।। जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे। जहां पर गाड़ी के शीशे टूटे हुए मिले है। वहीं चालक मौके से लापता है। गाड़ी को कब्जे में ले लिया गया है। परिजनों की शिकायत के आधार पर ही आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। **-विष्णु मित्र, थाना प्रभारी, सिविल लाइन, करनाल।**

# पशुबाड़े से लौट रही महिला को स्कूल बस ने कुचला, सुबह पशुओं को बांधने गई थी महिला

सोनीपत। सोनीपत के गांव शाहपुर तुर्क में पशुबाड़े में पशुओं को बांधकर लौट रही महिला को निजी स्कूल बस ने कुचल दिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस परिजनों के बयान पर कार्रवाई करेगी। गांव शाहपुर तुर्क की रहने वाली सुरेशी देवी (38) शनिवार को अपने पशुओं को लेकर पशुबाड़े में गई थी। वहां पर पशुओं को बांधने व अन्य कार्य निपटाने के बाद वह पैदल घर की तरफ आ रही थी। इसी दौरान उन्हें निजी स्कूल की बस ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जा रहा है मिनी स्कूल बस चालक मौके से भाग निकला। ग्रामीणों ने महिला को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया, जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान के आधार पर मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# बाल कल्याण समिति की समीक्षा बैठक, बच्चों की भलाई के लिए कई अहम निर्णयो पर सहमति



रोहतक। रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार की अध्यक्षता में बाल कल्याण समिति की समीक्षा बैठक की गई, बैठक में समिति के विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान बाल कल्याण समिति द्वारा नवम्बर 2023 से फरवरी 2024 में आए केसों पर चर्चा की गई। उपमंडलाधीश आशीष कुमार ने कहा कि बाल कल्याण समिति में आने वाले केसों का तुरंत प्रभाव से निपटान करे और जो भी केस समिति के सामने पेश होते है। उन्होंने समय-समय पर केसों की प्रगति की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्पोंसरशिप योजना की ज्यादा से ज्यादा जागरूकता की जाये। बाल देखरेख संस्थानों मे रहने वाले बच्चों के परिवार पहचान पत्र में आ रही समस्याओं का जल्द से जल्द निपटान किया जाये ताकि बाल देख रेख संस्थानों में रह रहे बच्चों को पहचान मिल सके। बच्चों के सम्बंधित दस्तावेज में आ रही समस्याओं का जल्द से जल्द निपटान किया जाये ताकि कोई भी बच्चा लाभ से वंचित ना रहे। जगनाथ आश्रम बाल भवन में रह रही दो बच्चियों को गोद प्रक्रिया के लिए मेडिकल करवाने बारे स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गये। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से डॉ. के एल मलिक, बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन आशा आहुजा, जिला समन्वयक सुमित, बाल संरक्षण अधिकारी मोनी व पूनम उपस्थित रहे।

# मतदाताओ को अपने मताधिकार का प्रयोग करने में संकोच नहीं करना चाहिए -डॉ. मनोज कुमार

**-पांच वर्ष बाद मिलता है मतदान करने का मौका, लोकतंत्र की मजबूती के लिए मत का प्रयोग करके अपने आपको करें गौरवान्वित महसूस**

सोनीपत। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 मनोज कुमार ने युवा मतदाताओं का आह्वान किया कि मतदान करना उनका अधिकार है। जब हम दूसरे अधिकारों को पाने के लिए संघर्ष करते हैं तो मतदान के अधिकार का प्रयोग करने में क्यों संकोच करते हैं? चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। उपायुक्त ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए, विशेषकर युवा मतदाताओं को। उनका कहना था कि हमारे देश में युवाओं की संख्या भी अधिक है, इसलिए भारत को युवा देश कहते हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप अपनी आवाज को बुलंद रखना चाहते हैं तो लोकतंत्र के पर्व में वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर मतदाताओं को कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं आता है तो वह मतदान करने से वंचित न रहे बल्कि पोलिंग बूथ पर जाकर नोटा को वोट कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि आदर्श आचार संहिता चुनाव प्रक्रिया के पूर्ण होने तक लागू रहेगी। कहीं पर भी संहिता का उल्लंघन नजर आता है तो वह अपनी शिकायत जिला निर्वाचन कार्यालय को कर सकते हैं। इसके अलावा जो मतदाता अपने वोट व पोलिंग बूथ के बारे में जानकारी हासिल करना चाहते हैं तो चुनाव आयोग की वेबसाइट व हेल्पलाइन टोल फ्री नं. 1950 से भी ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपना वोट व बूथ चेक कर सकते हैं।

# बीजेपी की 'विजय संकल्प रैली', सीएम सैनी ने गिनाए सरकार के किए हुए विकास कार्य

**हिसार।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को देखते हुए बीजेपी का चुनावी प्रचार जारी है। ऐसे में हिसार में बीजेपी की विजय संकल्प रैली हुई। हांसी की नई अनाज मंडी में आयोजित इस रैली में सीएम नायब सैनी भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को इस बात के बारे में बताना हैं कि हांसी के लोग तीसरी बार भाजपा का कमल खिलाने को तैयार हैं। नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने अपना उम्मीदवार बनकर रणजीत चौटाला को आपके बीच भेजा है।

### बीजेपी ने कार्यकर्ता को बनाया सीएम

सीएम ने कहा कि हांसी की भूमि पर मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार आने का मौका मिला। मैं आप सबका धन्यवाद करता हूं। नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा और अमित शाह के साथ पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का भी धन्यवाद करता हूं जिन्होंने एक गरीब के बेटे को मुख्यमंत्री बना दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा सिर्फ बीजेपी में ही हो सकता हैं और कहीं नहीं। बाकी पार्टियों में मुख्यमंत्री के बेटे को ही मुख्यमंत्री बनाया जाता हैं। केवल बीजेपी एक ऐसा पार्टी हैं जिसमें मामूली से कार्यकर्ता को भी मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है।

### बीजेपी के कार्यकाल में हुई तरक्की

हरियाणा ने बीजेपी के कार्यकाल में काफी तरक्की की है। मनोहर लाल ने सीएम बनते ही एक प्रण लिया था की बिना खर्ची और पर्ची के गरीबों के बच्चे की मेरिट के आधार पर नौकरी लगे। बीजेपी ने खर्ची और पर्ची को बंद किया है। जिससे हर एक वर्ग सरकारी नौकरी ले सकता है।

### रैली में रणजीत चौटाला ने किया जनता का शुक्रिया

इस मौके पर हिसार से क्क्क्के लोकसभा कैंडिडेट रणजीत चौटाला ने कहा की इससे बड़ी सभा मैंने नहीं देखी। हांसी वासियों का प्यार आज मुझे और नायब सैनी को मिला। आज की सभा को कामयाब बनाने वाली जानता का शुक्रिया। पार्टी ने मुझे शामिल होते ही बहुत मान-सम्मान दिया। मुझे हिसार से लोकसभा प्रत्याशी चुना। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल ने नायब सैनी को अपने आप सब कुछ दे दिया।।




# लोकसभा चुनाव 2024-वोटर्स-इन-क्यू ऐप का ट्रायल पूरा, नेत्रहीन मतदाताओं के लिए स्लिप ब्रेल लिपि में होगी जारी

**रेवाड़ी।** एनआईसी हरियाणा की ओर से 18वें लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर इस बार एक अनूठी मोबाइल ऐप और वेबसाइट तैयार की है। जिसका प्रयोग कर मतदाता पोलिंग बूथ पर लगी मतदाताओं की लाइन के बारे में जानकारी हासिल कर अपनी सुविधा के अनुसार वोट डालने के लिए बूथ पर जा सकता है।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग की ओर से एनआईसी द्वारा बनाए गए एप को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस ऐप को वोटर्स-इन-क्यू का नाम दिया गया है। इसी ऐप की ईक्यूएमएसएचआरवाई डाट एनआईसी डाट इन के नाम से वेबसाइट भी बनाई गई है। फिलहाल इस वोटर्स ऐप का इस्तेमाल हरियाणा के करीब अढाई दर्जन विधानसभा क्षेत्रों में ही किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि इस मोबाइल ऐप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि मोबाइल एप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा, जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है। बीएलओ हर एक घंटा या आधे घंटे बाद एप में यह बताएगा कि इस समय वोट डालने के लिए कितने लोग कतार में लगे हुए हैं।

### रेवाड़ी सहित विभिन्न हलका में की गई है




### वोटर्स-इन-क्यू ऐप की शुरुआत

जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि इस मोबाइल ऐप तथा वेबसाइट का पहली बार चुनाव में प्रयोग किया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि मतदाता को वोट डालने के लिए अधिक समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है। यह प्रयोग सफल रहा तो इस प्रयोग को भविष्य में सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी लागू किया जा सकता है। प्रारंभिक ट्रायल के रूप में अभी रेवाड़ी सहित गुरूग्राम, रोहतक, बहादुरगढ़, कैथल, झज्जर, रेवाड़ी, नारनौल, नूंह, पलवल, फरीदाबाद, बडखल, पंचकूला, अंबाला कैंट, अंबाला सिटी, यमुनानगर, थानेसर, करनाल, पानीपत और सोनीपत हलका में वोटर्स-इन-क्यू ऐप को शुरू किया गया है।

निर्वाचन आयोग की ओर से नेत्रहीन दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए एपिक कार्ड और फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में छपवाई जाएगी और ब्रेल बैलेट पेपर तथा ईवीएम पर स्लिप की सुविधा भी उपलब्ध होगी। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि दिव्यांग मतदाताओं को अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिसमें व्हीलचेयर की व्यवस्था, मतदान केंद्रों में रैम्प और परिवहन की सुविधा शामिल है।

उन्होंने बताया कि सभी दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने और वापस घर छोड़ने के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी और जो मतदाता चलने में असमर्थ हैं, उन दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर भी उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रत्येक मतदान केंद्र पर रैम्प की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके साथ ही उनकी सहायता के लिए एनसीसी, एनएसएस और रेड क्रॉस वॉलंटियर्स की भी व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने बताया कि नेत्रहीन दिव्यांग मतदाता और असक्त दिव्यांग मतदाता जो मशीन का बटन दबाकर वोट डालने में असमर्थ हैं, वे वोट डालने के लिए एक सहयोगी को अपने साथ लेकर जा सकते हैं। सहयोगी की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि दिव्यांग मतदाता जो स्वयं ईवीएम का बटन दबाकर वोट डालने में समर्थ हैं, उन मतदाताओं के साथ आने वाले सहयोगी दिव्यांग मतदाता को वोटिंग कक्ष तक ले जा सकते हैं, परंतु सहयोगी वोटिंग कक्ष के अंदर नहीं जा सकते हैं।

# पूर्व सीएम पर अनिल विज का तंज: 2014 का चुनाव मैंने जितवाया, 2019 में बहुमत न मिलने के लिए मनोहर लाल जिम्मेदार



**अंबाला।** पूर्व गृहमंत्री और अंबाला छावनी से विधायक अनिल विज ने कहा कि वर्ष-2014 का चुनाव पार्टी को मैंने जितवाया। इसके लिए पांच वर्षों तक कांग्रेस के खिलाफ लड़ाई लड़ी। मैंने ही यह दबाव डाला था कि हमें हरियाणा में अकेले ही चुनाव लड़ना चाहिए, जिसको आलाकमान ने स्वीकार किया था, जिसके बाद बहुमत से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। इसके बाद 2019 में बहुमत नहीं मिलने के सवाल पर विज ने कहा कि इसका जवाब पूर्व मुख्यमंत्री ही बता सकते हैं।

निजी चैनल को दिए गए साक्षात्कार में विज ने कहा कि 2024 में अचानक सीएम को बदलने का फैसला मेरे लिए बम शेल गिरने जैसा था। इस बात का मुझे अफसोस है। उन्होंने कहा कि खुद को सीएम बनाने के लिए कभी किसी से कुछ नहीं कहा, लेकिन सीएम काबिल आदमी को ही बनाना चाहिए, जो प्रदेश और आमजन की भलाई के लिए काम कर सके। उन्होंने कहा कि मैं जो लोगों के लिए कर सकता था, वह मैंने करने का प्रयास किया है।

रात्रि दो-दो बजे तक जनता कैंप लगाया है, लोगों की समस्याएं सुनी हैं। राजनीति में कभी कुछ भी हो सकता है। उसके लिए हर आदमी को तैयार रहना चाहिए। मैं पार्टी का कार्यकर्ता हूं जो काम दिया जाता है करता हूं। विज ने कहा कि उन्होंने खुद कहा था कि वह नई सरकार में शामिल नहीं होना चाहते हैं पर पार्टी का प्रचार करेंगे, पहले से भी पार्टी के लिए ज्यादा काम करेंगे चाहें स्थितियां कैसी भी क्यों न हों।

# सिरसा के 15 गांव ने बीजेपी का किया बहिष्कार, घोषणा के बाद भी विकास कार्य नहीं करने का आरोप

**हिसार।** बीजेपी चाहे कितना भी पीएम मोदी के नाम पर विकास कार्य करने की बात कहे लेकिन सिरसा के हालात तो कुछ और ही बयां कर रहे है। यहां धींगतानिया व भंभूर सलारपुर खरीफ चैनल (नहर) के निर्माण की मांग को लेकर 2 महीने से लघु सचिवालय में धरने पर बैठे 15 गांवों के किसानों ने लोकसभा चुनाव के बीच शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया। लोकसभा चुनाव में 15 गांवों के किसान बीजेपी उम्मीदवार का विरोध करेंगे और गांव में घुसने तक नहीं देंगे। इसके अलावा बीजेपी नेताओं का सामाजिक बहिष्कार भी करेंगे।

### 15 गांव ने किया बीजेपी का बहिष्कार

15 गांवों की किसान संघर्ष समिति के सचिव जगरूप सिंह चौबुर्जा ने बताया कि लघु सचिवालय सिरसा में किसानों के धरने को 2 माह से ज्यादा समय हो गया है, लेकिन बीजेपी सरकार ने उनकी कोई सुध नहीं ली। सरकार किसानों की समस्या का कोई समाधान नहीं करना चाहती। उन्होंने कहा कि उक्त गांवों के किसान 15 सालों से लड़ाई लड़ रहे हैं, परंतु सरकार ने सिंचाई पानी की मांग पूरी नहीं की।

### घोषणा के बाद भी नहीं हुआ विकास कार्य

जगरूप सिंह का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने धींगतानिया व भंभूर- सलारपुर खरीफ चैनल का निर्माण करने की घोषणा 2019 में की थी। घोषणा के बाद अब तक चैनल का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। ग्रामीणों को कहना है कि वर्ष 2019 में खरीफ चैनल के निर्माण के लिए बजट राशि जारी हो चुकी है, लेकिन आगे कुछ नहीं हुआ।

### भूजल दूषित होने की समस्या से परेशान ग्रामीण

धरनारत किसानों कहना है कि दोनों खरीफ चैनल के निर्माण से 15 गांवों के किसानों को फायदा होगा। क्योंकि 15 गांवों की जमीन सिंचाई हेतु पानी नहीं मिलने का कारण बंजर होती जा रही है। भूजल दूषित हो चुका है और 500 फीट गहराई में जा चुका है। ऐसे में ग्रामीणों को सिंचाई के लिए नहर निर्माण की काफी जरूरत है।

# हरियाणा कैबिनेट के फर्जी लेटर से हड़कंप, सचिवालय के 3 विभागों की भूमिका संदिग्ध, एसआईटी करेगी जांच

**गुरुग्राम।** हरियाणा की पूर्व मनोहर सरकार के एक फर्जी कैबिनेट लेटर से हड़कंप मचा हुआ है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की 500 करोड़ की जमीन हड़पने की कोशिश की गई। ये जमीन 50 एकड़ बताई जा रही है। इसका खुलासा पुलिस की प्राथमिक जांच में हुआ है। यहां प्रति एकड़ का रेट 14 करोड़ है।

### एसआईटी करेंगी मामले की जांच

हरियाणा सरकार ने अब इस मामले की जांच के लिए स्पेशल टास्क फोर्स (एसआईटी) का गठन कर दिया है। इसके साथ जांच में पंचकूला की क्राइम ब्रांच को भी शामिल किया गया है। सबसे अहम बात यह है कि जांच के लिए लोकल पुलिस को शामिल नहीं किया गया है। इसकी वजह यह है कि इस खेल में यहां की पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध मिली है।

### हिरासत में 6 से ज्यादा लोग


पंचकूला की पुलिस उपायुक्त हिमाद्री कौशिक ने बताया कि मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद के निर्देश पर पंचकूला सेक्टर-5 थाने में केस दर्ज किया जा चुका है। जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई है। इसमें अब तक 6 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

### प्रॉपर्टी डीलरों का भी बड़ा रोल

इस खेल में हरियाणा सचिवालय की 3 विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की संलिप्तता उजागर हुई है। इसमें मुख्य सचिव कार्यालय की कैबिनेट ब्रांच, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग और गुरुग्राम के कुछ अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। इस खेल में प्रॉपर्टी डीलरों का भी बड़ा रोल मिला है। फर्जी लेटर से गुरुग्राम के राजीव चौक, बादशाहपुर और घसौला की जमीन रिलीज कराकर रजिस्ट्री कराई जाने वाली थी।

### जांच में जुटी पांच जिलों की पुलिस

हरियाणा पुलिस की टीम पांच जिलों में जांच कर रही है। इसकी वजह यह बताई जा रही है कि यहां के प्रॉपर्टी डीलरों की भूमिका संदिग्ध मिली है। इनमें पंचकूला, गुरुग्राम, रोहतक, पानीपत और सोनीपत शामिल हैं। हालांकि अभी तक पुलिस ने किसी का नाम नहीं बताया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इन सभी डीलरों और उनके साथ काम करने वालों से जिलों की पुलिस की अलग - अलग टीमें पूछताछ कर रही हैं।



### ऐसा नहीं होता तो नहीं होता खुलासा

3 दिन पहले इस मामले की शिकायत पूर्व छ्रू मनोहर लाल खट्टर के पास पहुंची थी। कैबिनेट का लेटर देखकर पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर खुद हैरान रह गए और उन्होंने आनन-फानन में मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद से जानकारी ली। मुख्य सचिव ने जब ब्रांच के कर्मचारियों से बात की पता चला कि कैबिनेट मीटिंग का पत्र पूरी तरह से फर्जी है।

### जिस डेट का लेटर, उस डेट में नहीं हुई कैबिनेट

गुरुग्राम के बादशाहपुर और राजीव चौक क्षेत्र की बेशकीमती जमीनों को रिलीज करने के लिए कैबिनेट मीटिंग का एक फर्जी पत्र तैयार किया। इस पत्र में 15 और 21 दिसंबर 2023 की तारीख लिखी गई है। जबकि इस दौरान कोई कैबिनेट बैठक ही नहीं हुई। तत्कालीन सीएम मनोहर लाल की अध्यक्षता में नवंबर महीने में कैबिनेट बैठक हुई थी। इस फर्जीवाड़े का खुलासा कैबिनेट नोट पढ़ने के बाद हुआ। नोट में मुख्यमंत्री और एफसीआर दोनों के पद लिखे गए थे।

जबकि कैबिनेट मीटिंग के सिस्टम में कैबिनेट मीटिंग का नोट वरिष्ठता के हिसाब से लिखा जाता है, लेकिन उसमें उसके विपरीत लिखा गया था।

### रजिस्ट्री की तैयारी में थे डीलर

सूत्रों की माने तो फर्जी पत्र तैयार करने वाले लोग राजस्व विभाग के स्थानीय कर्मचारियों से मिलीभगत कर जमीन की रजिस्ट्री कराने की तैयारी में थे। लेकिन इससे पहले इसका खुलासा होने से उनके अरमानों पर पानी फिर गया। हाउसिंग फॉर आल में तैनात एक वरिष्ठ कर्मचारी ने गृह विभाग में तैनात एक कर्मचारी को वॉट्सऐप पर पत्र भेजकर उसके कागजात निकलवाने को कहा। जब कर्मचारी कैबिनेट ब्रांच के अधीक्षक के पास पत्र लेकर पहुंचा तो उसे देखते ही अधीक्षक के होश उड़ गए। जब कर्मचारियों के आपसी तार जोड़े गए तो पता चला कि हाउसिंग फॉर आल में तैनात कर्मचारी को उसके हिसार के एक दोस्त ने कागज निकालने के लिए कहा था।

# कोरोना महामारी में घरों में दुबके बैठे थे कांग्रेस नेता, चुनाव आएं तो अब करते है जनहितैषी का दावा: अरविंद शर्मा

* सांसद बोले, जनता कर ले फैसला, विकास पुरुष मोदी या फिर राहुल गांधी, कांग्रेस का जनाधार खत्म

* आरक्षण आंदोलन का भी किया जिक्र, सांसद बोले, जब रोहतक जल रहा था कहां गए थे कांग्रेस नेता, जनता को सब मालूम है

* डॉ अरविंद शर्मा बोले, अब तक चार बार बने है सांसद, नही कोई भी दाग, ईमानदारी से किया काम

* लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में भी जबरदस्त उत्साह, दस की दस सीटों पर भाजपा की होगी जीत

* प्रधानमंत्री मोदी की पक्की गारंटी, प्रत्येक वर्ग को मिला सरकार की नीतियों का फायदा, तीसरी बार मोदी ही बनेगी प्रधानमंत्री

**रोहतक।** भाजपा सांसद अरविंद शर्मा ने कहा कि मुसीबत के समय शहर को अपने हाल पर छोड़कर भागने वाले नेता, चुनाव को देखकर आज अपने आप को जनहितैषी होने का दावा कर रहे है, जबकि प्रदेश की जनता को सब मालूम है। सांसद ने कहा कि आरक्षण आंदोलन के दौरान जब रोहतक जल रहा था, उस वक्त कांग्रेस नेता कहां थे और इसका कौन जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भूली नहीं है और सबको पता है। इसके अलावा सांसद ने कहा कि कोरोना के समय भी कांग्रेस नेता घरों में दुबके बैठे थे और भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी सड़कों पर उतर कर जनता की सेवा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब चुनाव आया तो कांग्रेस को जनता की याद आने लग गई।

शुक्रवार को सांसद अरविंद शर्मा ने पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत की और बाद में पत्रकारों से भी रुबरु हुए। इस दौरान सांसद ने कहा कि वे चार बार सांसद चुने गए है और उन्होंने पूरी ईमानदारी के साथ काम किया है और यह बात प्रदेश की जनता भी मानती है। उन्होंने कहा कि आज भी प्रदेश की जनता कांग्रेस के कुशासन को नहीं भूली है, कांग्रेस शासन काल के दौरान किस तरह से भ्रष्ट्राचार होता था और नौकरी के लिए खर्ची-पर्ची चलती थी, आज उसी का परिणाम है कि कांग्रेस नेताओं को जनता के सामने रोना पड़ रहा है, अगर कांग्रेस शासन काल के दौरान जनहित में कार्य किये होते तो आज उन्हें यह दिन नहीं देखना पड़ता। सांसद अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के चलते ही आज भारत को विश्व में अलग पहचान मिली है, प्रधानमंत्री मोदी की ही गारंटी है, जोकि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को योजनाओं को लाभ मिल रहा है। नहीं तो एक समय में कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री ने कहा था कि अगर केंद्र सरकार विकास कार्यो के लिए एक रुपया भेजती है तो जनता तक सिर्फ 15 पैसे ही पहुंचते है, इससे बड़ा भ्रष्ट्राचार का क्या सबूत हो सकता है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा के रोहतक से ही चुनाव लड़ने के सवाल का जवाब देते हुए सांसद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी तो हुड्डा के घर की पार्टी है, वे कोई भी फैसला कर सकते हैं। आला कमान इनके लिए कोई मायने नहीं रखते। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, सतीश नांदल, अजय बंसल, कृष्णमूर्ति हुड्डा, रणबीर ढ़ाका, महंत सतीश दास, शमशेर खरकड़ा, राजीव जैन, राजकमल सहगल, तरुन सन्नी शर्मा, आशा शर्मा, मोनू अत्री, चंदभान अत्री, उदयभान मलिक आदि उपस्थित रहें।



# भाजपा चुनावों के लिए तैयार, कांग्रेस की कोई टिकट लेने को नहीं तैयारः नवीन गोयल

**गुरुग्राम।** व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल ने एक तरफ तो कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार है, दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी में लोकसभा की टिकट लेने के लिए कोई नेता तैयार नहीं हो रहा। हरियाणा में कांग्रेस आपसी कलह में उलझी हुई है। संगठन रहित इस दल का नेतृत्व भी मजबूत नजर नहीं आ रहा।



उन्होंने कहा कि भाजपा ने गुरुवार को 10 राज्यों में चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति करके संगठन को संबंधित क्षेत्रों में मजबूती देने का काम किया है। लोकसभा चुनावों के लिए प्रभारी बनाए गए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ (दिल्ली), निवर्तमान सांसद संजय भाटिया (उत्तर प्रदेश सह-प्रभारी), पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु (असम) को दी बधाई देते हुए नवीन गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन में हर कार्यकर्ता को उचित मान और सम्मान मिलता है। संगठन में शामिल लाखों सदस्यों को कोई ना कोई जिम्मेदारी देकर समाज सेवा के क्षेत्र में पार्टी से सक्रिय किया है। नवीन गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वैसे तो पहले से ही चुनावी मोड में है, अब संगठन ने चुनावी तैयारियों को और अधिक तेज कर दी हैं। लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस का अभी कोई अता-पता नहीं है। वहां नेता टिकट लेने से बच रहे हैं। कोई भी टिकट लेने के लिए आगे नहीं आना चाहता। हर कोई एक-दूसरे पर टाल रहा है।

नवीन गोयल ने कहा कि संगठन की ओर से लोकसभा चुनावों की लंबे समय से तैयारियां शुरू कर दी गई थी। पन्ना प्रमुख स्तर तक भाजपा के कार्यकर्ता मजबूती से खड़े हैं। चुनावों से पहले जन-जन तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाकर आमजन को पार्टी के पक्ष में करने का काम कार्यकर्ताओं ने किया है। आज सबकी जुबान पर भाजपा की केंद्र व हरियाणा सरकार के विकास कार्यों, विकास परियोजनाओं, जनहित की योजनाओं का जिक्र रहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को बेहतर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास के काम हुए। वर्तमान में मुख्यमंत्री नायब सैनी हैं। उनके कार्यकाल की शुरुआत में ही लोकसभा चुनावों का बिगुल बजा है।

ऐसे में सभी वरिष्ठ नेता चुनावों को लेकर बैठकें करके संगठन के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों में जोश का संचार कर रहे हैं। भाजपा पार्लियामेंट्री बोर्ड की सदस्या एवं केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्या डा. सुधा यादव, केंद्रीय राज्य मंत्री एवं गुरुग्राम लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार राव इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व में भी संगठन और सरकार के स्तर पर खूब कार्य हुए हैं। संगठन में हर नेता, हर कार्यकर्ता मजबूती से काम कर रहा है।

# दीपेंद्र हुड्डा और सुशील गुप्ता ने की जनमिलन समारोह में शिरकत, व्यापारी वर्ग को किया संबोधित

**बहादुरगढ़।** व्यापारी वर्ग द्वारा आज बहादुरगढ़ में जनमिलन समारोह करके रोहतक लोकसभा से दीपेंद्र सिंह हुड्डा को आशीर्वाद दिया। सम्मेलन में राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा और आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक राजेंद्र जून द्वारा की गई। इस मौके पर व्यापारी समाज के तमाम बड़े नेता व मौजिज लोग मौजूद रहे। व्यापारी समाज में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर भारी रोष देखने को मिला। समस्त समाज ने ऐलान किया कि आने वाले चुनाव में वोट की चोट से बीजेपी को सबक सिखाएंगे।

इस मौके पर दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि इस बार सिर्फ चुनावी हार-जीत की नहीं बल्कि लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई है। इस लड़ाई को इंडिया गठबंधन पूरी मजबूती के साथ लड़कर जीतेगा। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को निंदनीय करार दिया और इसके विरुद्ध 31 तारीख को दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली के लिए जनता को निमंत्रण भी दिया। समारोह को संबोधित करते हुए दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि आज कांग्रेस और बीजेपी के 10-10 साल के कामों की तुलना करने का समय है। 10 साल विपक्ष में होने के बावजूद कांग्रेस आज भी अपने कामों के



नाम पर वोट मांग रही है। जबकि सत्ता में होते हुए भी भाजपा के पास गिनवाने के लिए एक भी काम नहीं है। बीजेपी सिर्फ ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग करके चुनाव जीतना चाहती है। उसकी लोकतंत्र विरोधी गतिविधियों का एक नमूना पिछली बार रोहतक लोकसभा चुनाव में देखने को मिला था और कुछ दिन पहले चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भी देखने को मिला। लेकिन इसबार हरियाणा में इंडिया गठबंधन और जनता बीजेपी के तमाम राजनीतिक हथकंडों का मुंहतोड़ जवाब देंगे। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि प्रदेश और देश में चल रही बीजेपी सरकार का पूरा कार्यकाल नाकामियों से भरा हुआ है। ये सरकार ना किसान को एमएसपी दे पा रही है, ना युवाओं को रोजगार, ना गृहणी को महंगाई से राहत और ना ही व्यापारियों को सुरक्षा। अपराधियों के निशान पर सबसे ज्यादा कारोबारी वर्ग रहता है। अपराधी इतने बेखौफ हैं कि फिरौती, सरेआम फायरिंग और हत्या जैसी वारदातें रूटीन हो गई हैं। सांसद दीपेंद्र ने कहा कि आज अपनी जान बचाने के लिए व्यापारी बदमाशों को फिरौती देने के लिए मजबूर हैं। 2005 से 2014 तक भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने हरियाणा से बदमाशों और गैंगस्टरों का सफाया कर दिया था। सरकार की साफ चेतावनी थी कि बदमाश या तो अपराध छोड़ दें या हरियाणा। लेकिन बीजेपी ने आज हरियाणा को अपराधियों की शरणस्थली बना दिया है। वो बेखौफ होकर वारदात करते हैं और आराम से बेरोकटोक निकल जाते हैं। लेकिन एकबार फिर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने ऐलान किया है कि इसबार कांग्रेस सरकार बनने के बाद फिर से हरियाणा को अपराध मुक्त किया जाएगा। क्योंकि अपने नागरिकों को सुरक्षा देना प्रत्येक सरकार की पहली जिम्मेदारी है।

अपने संबोधन में पूर्व राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता ने कहा कि बीजेपी सरकार व्यापारी वर्ग पर चौतरफा हमले कर रही है। एक तरफ अपराधियों का खौफ तो दूसरी तरफ सरकार की ईडी, आईटी, सीबीआई जैसी एजेंसियों की मार, ऐसा लगता है सरकार व्यापारियों को पूरी तरह कुचलना चाहती है। इंडिया गठबंधन की मजबूती और जीत देखकर बीजेपी और ज्यादा बौखला गई है। इसलिए जांच एजेंसी का सहारा लेकर विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में भेजना बीजेपी की राजनीतिक साजिश का हिस्सा है। व्यापारी समाज बीजेपी की इस साजिश का चुनाव में जवाब देगा। वोट की चोट से बीजेपी द्वारा किए गए अन्याय का बदला लिया जाएगा। रोहतक से दीपेंद्र हुड्डा को जितवाने के लिए आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता कांग्रेसजनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगा। हरियाणा के संपूर्ण व्यापारी वर्ग का समर्थन गठबंधन उम्मीदवारों के साथ है। यहां से इंडिया गठबंधन की बड़ी जीत तय है। सुशील गुप्ता ने कहा कि विपक्ष को पूरी तरह कुचलने की असैंधानिक नीतियों से स्पष्ट है कि बीजेपी लोकतंत्र में विश्वास नहीं रखती। इसलिए लोकतंत्र को बचाने के लिए विपक्षी दलों ने गठबंधन बनाकर चुनाव लड़ने का फैसला लिया। जनता का रुझान बता रहा है कि वो इस फैसले से खुश है और बीजेपी को हराने का मन बना चुकी है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता विक्रम जून वरिष्ठ कांग्रेस नेता वेद प्रधान, प्रदेश डेलिगेट राजेश जून, पूर्व चेयरमैन तेजवीर दलाल, पूर्व चेयरमैन रवि खत्री, अरुण खत्री, सीटू बराही, टेणी प्रधान, प्रदीप यादव, संजीव मलिक, विशाल गर्ग, सुमित छिल्लर, दर्शन सैनी, नफे जून, देवेन्द्र आसौदा सहित सैकड़ो व्यापारी मौजूद रहे।

# सीएम सैनी और पूर्व सीएम खट्टर विधानसभा क्षेत्र में करेंगे रैलियां : बराला



**गुरुग्राम।** लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि लगातार दो दिनों से हो रही बैठकों में आगामी दिनों में होने वाले अलग-अलग कार्यक्रमों को तय किया गया है। लोकसभा चुनाव को लेकर विधानसभा स्तर पर होने वाली रैलियों पर बैठक में चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल को लाखों कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाएंगे। 14 अप्रैल बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भी प्रदेश में अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। सुभाष बराला ने कहा कि बैठकों में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति, लोकसभा प्रभारी, कलस्टर प्रभारी और सभी छह मोर्चों के अध्यक्षों के साथ हुई बैठक में चुनाव संबंधी जिम्मेदारियां तय की गई है। उन्होंने बताया कि विधानसभा स्तर पर रैलियां तय हुई, जिनमें 20 से 22 विधानसभाओं में सीएम नायब सैनी और पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर व अन्य वरिष्ठ नेता रैलियां करेंगे। बराला ने कहा कि मोर्चा अध्यक्षों को भी अपने-अपने वर्गों में काम करने का लक्ष्य दिया गया है।

# लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का अवश्य करे प्रयोग : जिला निर्वाचन अधिकारी

**रेवाड़ी।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सहभागिता करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उनका नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज हो। जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र (एपिक) नहीं है तो वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। प्रत्येक वोटर को मतदान केंद्र में अपने मत की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है और ये उसकी नैतिक जिम्मेवारी भी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि मतदाता के पास पुराना एपिक कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एपिक के अलावा मतदाता आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सांसदों, विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और आधार कार्ड शामिल




हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा के मतदाता सीईओ हरियाणा की वैबसाइट ceoharyana.gov.in/ पर अपने वोट की जानकारी त्वरित गति व आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। इसकी सहायता से वोटर अपना एपिक नंबर डाल कर बड़ी आसानी से अपना वोट चैक कर सकते हैं। यदि कोई अपना एपिक नंबर भूल गया है तो भी वह अपना नाम व पिता-पति आदि का नाम भरकर अपना वोट चैक कर सकता है। उन्होंने बताया कि वेबसाइट पर विधानसभा अनुसार भी मतदाता सूचियां अपलोड है, उसे डाउनलोड करके भी कोई व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में चैक कर सकता है। इसके अलावा, वोटर हेल्पलाइन नंबर-1950 पर कॉल करके भी अपनी वोट चैक कर सकते हैं।

# शीशराम यादव दोबारा यूनियन के प्रधान बने

**कोसली।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन मुख्यालय हिसार संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का त्रिवार्षिक 2024-2027 सम्मेलन कोसली सब डिविजन के शिव मंदिर मे राज्य कमेटी सदस्य संजय सैनी की अध्यक्षता में संपन्न करवाया गया आज के चुनाव में *प्रधान शीशराम यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष धनराज,उप प्रधान रामनिवास, गीता देवी, राजेन्द्र,सचिव नवीन यादव, सहसचिव अजय सोनी, कैशियर राजकुमार शर्मा,प्रेस सचिव कर्मपाल, आडिटर रविंद्र,संगठन सचिव धर्मवीर,कमल कुमार* सर्वसम्मति से चुने गए।

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए राज्य प्रेस सचिव सुरेंद्र यादव ने कहा कि आज चुनावी माहौल में राजनीतिक दलों के मांग पत्र से कर्मचारीयों के मांग मुद्दे गायब है। मौजूदा सरकार ने पिछ्ले नो सालो में कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया ओर केवल आश्वासन देकर टरका दिया। सरकार पुरानी पेंशन बहाली पर चुप्पी साधे हुए हैं। एक संविधान की बात करने वाले खुद राजनेतिक दल सभी पैंशन ले रहे हैं केन्द्र सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ व मांगों के समाधान मुख्य रूप से पुरानी पेंशन बहाल करवाने, आठवें वेतन आयोग गठित करने से मना कर दिया



है,श्रम सुधार कानून में संशोधन करवाने, रोड़ सैफ्टी बिल,हीट एंड रन कानून, बिजली बिल संशोधन कानून 2023, खाली पड़े लाखों पदो पर स्थाई वभर्ती करवाने,अग्नीवीर योजना वापिस लेने आदि । चुनाव के दौरान कर्मचारी राजनेताओं से अपने मांगों को उनके सामने उठाने का प्रयास करेंगे।

सम्मेलन के अंत मे सुरेंद्र यादव ने नव निर्वाचित टीम को शपथ दिलाई । यूनियन के हिसार में होने वाले राज्य सम्मेलन 6-7 अप्रैल में बढचढ कर हिस्सेदारी करने का आह्वान किया। आज के सम्मेलन को सब यूनिट बुडोली प्रधान श्री संजीव ड्र, सब यूनिट पाल्हवास प्रधान श्री देवेंद्र,स्नरू, यूनिट सेक्रेटरी नवीन यादव, यूनिट प्रधान श्री शीशराम, उप प्रधान श्री विक्रम यादव,वरिष्ठ उप प्रधान श्री रामनिवास जी आदि ने संबोधित किया।

## क्राइम डायरी

### इंस्पेक्टर सतीश ने सीएचसी तिगांव में आशा वर्करों को यातायात नियमों, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा, डायल 112 ऐप व महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरुक



**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश व डीसीपी ट्रैफ़िक उषा के मार्गदर्शन में इंस्पेक्टर सतीश ने सीएचसी तिगांव में आशा वर्करों को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक करते हुए जानकारी प्रदान की। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर सतीश कुमार व उनकी टीम द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आमजन को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत इंस्पेक्टर सतीश आज तिगांव पहुंचे जहां पर उन्होंने आशा वर्को व स्टाफ को यातायात नियमों, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा, डायल 112 व महिला सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि साइबर अपराधी किसी न किसी तरीके से हमारे बैंक अकाउंट, क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड इत्यादि की जानकारी एकत्रित करके साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देने की कोशिश करते हैं। साइबर अपराध के प्रति हमारी जागरूकता ही उनके विरुद्ध सबसे बड़ा हथियार है इसलिए आप साइबर अपराध के प्रति जितना जागरूक होंगे साइबर अपराधियों से आपका उतना ही बचाव हो सकता है। उन्होंने बताया कि आप अपने बैंक अकाउंट क्रेडिट या डेबिट कार्ड से संबंधित कोई भी जानकारी किसी भी व्यक्ति को ना दें। इसके अलावा सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करते हुए उन्होंने बताया कि वाहन चालक सड़क पर यात्रा करते समय यातायात नियमों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की सड़क दुर्घटना घटित होने पर लोगों की मदद अवश्य करें तथा पुलिस को सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 का उपयोग करें। महिला सुरक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा डायल 112 ऐप बनाई गई है जिसमें महिलाएं अपना रजिस्ट्रेशन करें ताकि पुलिस से सहायता लेते समय उन्हें अपनी सारी जानकारी दोबारा से पुलिस कंट्रोल रूम को न बतानी पड़े और जल्दी से जल्दी पुलिस सहायता आप तक पहुंच सके। अंत में सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### क्राइम ब्रांच बॉर्डर ने चोरी के दो अलग-अलग मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 2 मोटरसाइकिल की बरामद

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र की टीम ने चोरी की वारदात के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पंकज तथा राशिद का नाम शामिल है। आरोपी पंकज बल्लभगढ़ की यादव कॉलोनी का रहने वाला है वहीं आरोपी रशीद उर्फ कल्लन बल्लभगढ़ की अज्जी कॉलोनी का निवासी है। क्राइम ब्रांच की टीम ने उक्त दोनों आरोपियों को चोरी के मामले में प्रोडक्शन वारंट पर लेकर दो मोटरसाइकिल बरामद की है। दोनों आरोपी अवैध हथियार के मुकदमे में जेल में बंद थे।

# फरीदाबाद पुलिस के 11 पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त, पुलिस आयुक्त ने दी शुभकामनाएं

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद-** फरीदाबाद पुलिस परिवार के 11 सदस्यों का विदाई समारोह का आयोजन पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 21ष्ट में किया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त, डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, हेड क्लर्क चंद्रभान वेलफेयर इंस्पेक्टर रामनिवास सब इंस्पेक्टर महेश, आरटीआई सब इंस्पेक्टर रामकुमार, सहित पुलिस आयुक्त कार्यालय के अन्य ब्रांच के पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आज पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में फरीदाबाद पुलिस विभाग में सेवा देने वाले इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह, ऑनरेरी इंस्पेक्टर रमेश कुमार, सतबीर सिंह व भगवान सिंह, सब-इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह, रोहताश, भारत सिंह, रमेश कुमार व जगराम, हवलदार पूरनलाल तथा सिपाही रघुबीर सिंह की सेवानिवृत्ति पर विदाई पार्टी आयोजित की गई। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह पुलिस आयुक्त कार्यालय में बतौर आईटी सेल इंचार्ज थे जिन्होंने अपने कार्यालय में काफी सकारात्मक बदलाव किए। पुलिस चौकी सेक्टर 14 में इंचार्ज रहते हुए उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों की बहुत सहायता की और उनकी देखभाल और स्वास्थ्य के लिए सराहनीय कार्य किया जिसे देखते हुए हिमाचल के पुलिस महानिदेशक श्री संजय कुंडू ने



चौकी में आकर उनके सराहनीय कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने पशु पक्षियों की देखभाल के लिए भी बहुत अच्छे कार्य किए हैं। इसके अलावा उनके अच्छे कार्यों के लिए उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा 205 बार प्रशंसा पत्र प्राप्त किया है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि इन पुलिसकर्मियों ने सारी उम्र अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में लगा दी और अपने आप को देश सेवा में समर्पित कर दिया। अब रिटायर होकर आप अपने परिवार के साथ शांतिपूर्वक और खुशी से अपना जीवन व्यतीत करें। पुलिस विभाग में कार्यरत रहकर पुलिस कार्यों में अपना योगदान दिया और समाज सेवा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इनकी कड़ी मेहनत और तपस्या के लिए वह इनका इनका धन्यवाद करते हैं। पुलिस आयुक्त ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी रिटायर्ड पुलिसकर्मी पुलिस परिवार का हिस्सा रहेंगे और उन्हें यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है तो वह बेझिझक अपने पुलिस परिवार से संपर्क कर सकते हैं। पुलिस परिवारों की सहायता करने के लिए हमेशा तैयार रहेगा और हमे अपने पुलिस परिवार की मदद करने में बहुत खुशी होगी।। सीपी ने सभी सदस्यों को भेंट स्वरूप उपहार देकर उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।

### कंपनी में नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करके करने वाले कॉल सेंटर का भांडाफोड़

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 30 प्रभारी नवीन कुमार की टीम ने धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दिलशाद तथा मनीष का नाम शामिल है। दोनों आरोपी फरीदाबाद के आदर्श नगर एरिया के रहने वाले हैं और ओल्ड थाना एरिया में फर्जी कॉल सेंटर चलाते हैं जिसमें वह नौकरी की तलाश कर रहे व्यक्तियों के साथ कंपनी में नौकरी लगवाने के नाम पर उनके साथ ठगी करते थे। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर




ओल्ड थाना एरिया में चल रहे फर्जी कॉल सेंटर पर रेड डाली जहां पर उन्हें उक्त दोनों आरोपी मिले जो फोन पर बात कर रहे थे। आरोपियों से कॉल सेंटर के मालिक के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वही कॉल सेंटर के मालिक हैं। आरोपियों से जब कॉल सेंटर चलाने का लाइसेंस मांगा गया तो वह कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके इसके पश्चात उन्हें काबू करके वहां पर मौजूद 2 लैपटॉप तथा 13 मोबाइल फोन व सिमकार्ड बरामद किए गए। आरोपियों के खिलाफ ओल्ड थाने में धोखाधड़ी की धाराओं के तरह मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई जिसमें सामने आया कि आरोपी नौकरी की तलाश कर रहे व्यक्तियों का डाटा लेकर उन्हें फोन करते हैं और नौकरी दिलवाने का लालच देते हैं तथा इसकी एवज में उन व्यक्तियों से पैसे लेते हैं।

### देशी कट्टे सहित आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल


**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेंद्र कुमार के द्वारा अपराधिक मामलो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-48 प्रभारी हिमांशु की टीम ने गस्त के दौरान अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विशाल उर्फ दीपक(25) भरतपुर के कामा जिले का रहने वाला है जो फिलहाल फरीदाबाद की पर्वतीय कॉलोनी में रह रहा था। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों




से प्राप्त हुई सूचना के आधार पर ओल्ड प्रेस कॉलोनी से काबू किया है। आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना सारन में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देशी कट्टे को राजस्थान के भरतपुर से किसी व्यक्ति से खरीद कर लाया था जिसकी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। आरोपी ने बताया कि वह अपने दोस्तों में हवाबाजी करने के लिए यह देसी कट्टा खरीदकर लाया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# कैंसर से लड़ेंगी प्रतिरोधी कोशिकाएं



**वैज्ञानिकों ने पहली बार लंबे समय से बीमार चल रहे मरीजों के कैंसर ट्यूमर को नष्ट करने के लिए जीन थेरेपी का सफल प्रयोग किया है। इस लक्ष्य को पाने में 20 साल लगे।**


**अमेरिका** में पेनसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पैथोजन से लड़ने वाले मरीजों की अपनी टी कोशिकाएं बनाईं, जिसका लक्ष्य ल्यूकिमिया कोशिकाओं की सतह पर मिले कणों से लड़ना था। बदली हुई टी कोशिकाओं को शरीर के बाहर विकसित किया गया और उसके बाद क्रोनिक लिम्फोसाइटिक ल्यूकिमिया से बीमार मरीजों के शरीर में वापस डाला गया। यह बीमारी खून और बोन मैरो को प्रभावित करती है और ल्यूकिमिया का बहुत आम रूप है।

## परीक्षण का पहला चरण

नई थेरेपी की मदद से कैंसर के तीन मरीजों को जीवनदान मिला। इसने प्रतिरक्षी कोशिकाओं को ट्यूमर किलर में बदल दिया। पहले चरण के ट्रायल में भाग लेने वाले दो मरीजों की हालत पिछले एक साल से सुधर रही है। तीसरे मरीज के शरीर ने अच्छी प्रतिक्रिया दी है और उसका कैंसर नियंत्रण में



है। अगला बड़ा चरण शुरू करने से पहले शोधकर्ता क्रोनिक लिम्फोसाइटिक ल्यूकिमिया के शिकार चार और मरीजों का उपचार करना चाहते हैं।




## विकास के दौर में

ट्रायल के नतीजों ने वैज्ञानिकों को हैरत में डाला, हालांकि जीन थेरेपी अभी भी विकास के दौर में है। पेनसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के पेरेलमन मेडिसीन स्कूल के डॉ. माइकल कैलोस के अनुसार हमने टी-सेल की सतह पर एक कुंजी डाली, जो उस ताले के साथ फिट बैठती है, जो सिर्फ कैंसर की सेलों में होता है। इलाज के नतीजे दूसरे प्रकार के कैंसरों के इलाज का भी रास्ता सुझाते हैं। इसमें फेफड़े और अंडाशय का कैंसर भी शामिल है। शोध के नतीजे न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसीन और साइंस ट्रांसलेशनल मेडिसीन पत्रिकाओं में प्रकाशित किए गए हैं। कैलोस ने कहा है कि एडॉप्टिव टी-सेल ट्रांसफर के नाम से जाने, जाने वाले पिछले प्रयास या तो इसलिए विफल हो गए कि टी-सेलों की प्रतिक्रिया बहुत कमजोर थी या फिर इसलिए कि वे सामान्य ऊतकों के लिए अत्यंत विषैले थे।

## कैंसर इलाज की नई तकनीक

यह तकनीक कैंसर के इलाज की दूसरी तकनीकों से अलग है। यह ट्यूमर का मुकाबला करने के लिए शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को काम में लाती है। अब आप इम्यून रेस्पांस करवाने की कोशिश छोड़िए, हम आपको इम्यून रेस्पांस दे रहे हैं।


इलाज की नई प्रणाली सुरक्षित मालूम होती है, लेकिन शोधकर्ताओं का कहना है कि अभी और परीक्षण किए जाने की जरूरत है। पहले चरण के ट्रायल में ल्यूकिमिया के मरीजों को प्रतिरक्षा बढ़ाने वाली दवा दी गई, क्योंकि लक्षित अणु सीडी 19 सामान्य प्रतिरक्षा सेलों पर भी होता है। जीन थेरेपी के लिए शोधकर्ताओं ने एक वायरस का इस्तेमाल किया, जो कोशिकाओं को सिर्फ एक बार संक्रमित कर सकता है। लगभग दो सप्ताह बाद मरीजों ने ट्यूमर लाइसिसि सिंड्रोम का अनुभव करना शुरू किया। इसमें कंपकंपी, मितली और बुखार के लक्षण दिखाई देते हैं, जो कैंसर की मरती कोशिकाओं से पैदा होने वाले उत्पादों के कारण पैदा होते हैं।

## नए टी-सेल

नए विकसित टी-सेल बाद के कई महीने तक मरीजों के खून में पाए गए। उनका एक हिस्सा मेमोरी सेलों में बदल गया, जो कैंसर के फिर से होने से सुरक्षा कर सकता है। पोर्टलैंड ओरेगन के कैंसर सेंटर के डॉ. वाल्टर ऊरबा चेतावनी देते हैं कि सक्रिय टी-सेलों और मेमोरी सेलों की उपस्थिति दूसरे प्रकार के कैंसरों के लिए समस्या पैदा कर सकती है, जहां सामान्य कोशिकाओं पर विषैला असर और गंभीर हो सकता है। जीन थेरेपी के ट्रायल पर सारा खर्च शैक्षणिक समुदाय से आया है।

# फेफड़ों के कैंसर को रोकेगी जालकोरी

**फेफड़ों के कैंसर की नई दवा जालकोरी उपयोगी साबित होगी। अमेरिका के औषधि प्रशासन विभाग ने गोली को मंजूरी दे दी है।**




अमेरिका के खाद्य एवं औषध प्रशासन ने फेफड़ों के कैंसर से बचाव करने और ट्यूमर के विकास को रोकने वाली दवा को मंजूरी दी है। जालकोरी नामक यह गोली जीन पर हमला कर उपचार करती है। प्रमुख दवा कंपनी फाइजर द्वारा निर्मित जालकोरी नामक यह गोली कैंसर पीड़ितों के शरीर में जीन पर हमला कर उपचार करती है। इससे उन कैंसर मरीजों का इलाज संभव होगा, जिनके शरीर में एक असाधरण जीन मौजूद होती है, जिससे कैंसर कोशिकाएं बढ़ने लगती हैं और ट्यूमर विकसित होता रहता है। येल विश्वविद्यालय में कैंसर चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ. रॉय हर्बस्ट का कहना है यह एक आणविक चिकित्सा का उदाहरण है। अब ऐसी थेरेपी विकसित हो चुकी है, जो कीमोथेरेपी से भी बेहतर है और ट्यूमर को खत्म करने में सहायक सिद्ध हो सकती है। खाद्य एवं औषध प्रशासन (एफडीए) का कहना है कि करीब तीन चौथाई रोगियों की जांच ट्यूमर विकसित होने के बाद हो पाती है। साथ ही इनमें से मात्र छह प्रतिशत लोग पांच साल तक जीवित रह पाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जालकोरी फाइजर के लिए एक ब्लॉकबस्टर उत्पाद सिद्ध हो सकता है। पिछले हफ्ते खाद्य एवं औषध प्रशासन ने एक और ऐसी दवा को मंजूरी दी है, जो जीन में परिवर्तन कर कैंसर का इलाज करती है।



# बड़ी फिगर से खो सकती है याददाश्त

**अगर आपके फिगर की मोटाई अधिक है तो आप सावधान हो जाइये। इससे आपकी याददाश्त भी जा सकती है।**

एक नए शोध के अनुसार किसी महिला की फिगर उसकी याददाश्त को प्रभावित कर सकती है। अमेरिका में शोधकर्ताओं ने पाया कि बूढ़ी महिलाओं का वजन अधिक हो तो उनकी याददाश्त कमजोर होती है, लेकिन अगर नितंबों का वजन अधिक है तो यह याददाश्त को बहुत अधिक प्रभावित करती है।

## अन्य बीमारियों का खतरा

विशेषज्ञों का मानना है कि कमर के आसपास वजन बढ़ने से कैंसर, डायबिटीज और दिल की बीमारियों के बढ़ने का खतरा रहता है। यह शोध जर्नल ऑफ द अमेरिकन गेरियाट्रिक्स सोसायटी में छपा है, जिसमें अच्छे दिमाग के लिए सही वजन होने की महत्ता बताई गई है।

## वजन घटने से खतरा कम

हालांकि शोध में यह भी कहा गया है कि अगर नितंबों का वजन बहुत अधिक न हो यानी थोड़ा सा ही अधिक हो तो इससे दिमाग की सुरक्षा भी होती है। शोधकर्ता मानते हैं कि महिलाओं में पेट के आसपास जमा होने वाली वसा ओस्ट्रोजन हार्मोन बनाती है, जिसका बनना मीनोपॉज के बाद कम हो जाता है। ओस्ट्रोजन हार्मोन दिमाग के लिए मददगार होती है। यह शोध 65 से 79 साल की 8,745 महिलाओं पर किया गया। इन महिलाओं की याददाश्त की परीक्षा ली गई। इनमें से अधिकतर महिलाओं का वजन अधिक था और उनके बॉडी मास इंडेक्स का भी माप लिया गया। शोधकर्ताओं ने पाया कि जैसे जैसे बॉडी मास इंडेक्स बढ़ता है, वैसे वैसे उनकी याददाश्त कम होती जाती है। इस शोध में उन महिलाओं की याददाश्त सबसे खराब पाई गई, जिनकी कमर छोटी और नितंब बड़े पाए गए। शोधकर्ताओं के प्रमुख डॉ. डायना करविन का कहना था, हमें ये देखना होगा कि कौन सी वसा दिमाग को किस तरह प्रभावित करती है।

# नए सेल्स नहीं बनने देती रेडियेशन थेरेपी

**रेडियेशन थेरेपी कैंसर की चिकित्सा का एक तरीका है जिसमें आयोनाइजिंग रेडियेशन नामक कणों का इस्तेमाल कैंसर के सेल्स को क्षति पहुंचाने के लिए होता है।**

**आयोनाइजिंग** रेडियेशन कैंसर के सेल्स पर प्रहार करती है और उसके आनुवांशिक तत्व को नुकसान पहुंचा कर नए सेल्स को बनने नहीं देती । रेडियेशन थेरेपी के दौरान कैंसर के सेल्स के आसपास के सामान्य सेल्स को भी क्षति पहुंचती है लेकिन यह समय के साथ ठीक हो जाते हैं। रेडियेशन थेरेपी बाह्य रूप से एक्स रे बीम्स के रूप में गामा रेज या सब एटामिक पार्टिकल्स के रूप में दी जाती है। बाह्य रूप से रेडियेशन देने की प्रक्रिया में 5 से 15 मिनट लगते हैं और इसमें दर्द नहीं होता ।

## कुछ नए तरीके

चिकित्सा कितनी बार दी जानी है यह हर व्यक्ति के लिए अलग अलग होता है। कुछ स्थितियों में चिकित्सा में कई हफ्ते लग जाते हैं। आंतरिक रूप से भी रेडियेशन दिया जाता है। ऐसे में रेडियोऐक्टिव पदार्थों को शरीर की कैविटी के रख दिया जाता है या फिर ट्यूमर के सेल्स के अन्दर रखा जाता है। रेडियेशन थेरेपी के प्रभाव को बढ़ाने के लिए अपनाये जाने वाले कुछ नए तरीके हैं –

- **कनफार्मल बीम तकनीक:** कई बीम से एक ही समय रेडियेशन भी ली जा सकती है। ऐसा करने से रेडियेशन ट्यूमर के सेल्स पर एकत्रित हो जाता है और सामान्य टिश्यूज को कम प्रभावित करता है।
- **इन्ट्राआपरेटिव रेडियेशन थेरेपी** : सर्जरी के दौरान ट्यूमर पर रेडियेशन दी जाती है।
- **रेडियेसेंसिटाइजर्स:** यह ड्रग्स कैंसर के सेल्स पर रेडियेशन के प्रभाव को बढ़ाते हैं।
- **रेडियोप्रोटेक्टर्स:** यह ड्रग्स सामान्य सेल्स को रेडियेशन के द्वारा हुई क्षति से बचाते हैं जबकि आसपास के कैंसर के सेल्स क्षतिग्रस्त हो चुके होते हैं।
- **रेडियोइम्यूनोथेरेपी:** रेडियोएक्टिव पदार्थ एण्टीबाडीज से जुड़े होते हैं जो कि रक्षात्मक रासायन होते हैं और प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा बनाये जाते हैं। यह एण्टीबाडीज कैंसर के सेल्स को प्रभावित करते हैं । हमारे शरीर के एण्टीबाडीज नान कैंसरस, स्वस्थ सेल्स को प्रभावित नहीं करते हैं इसलिए इससे ट्यूमर के बाहर रेडियेशन से होने वाली क्षति का खतरा कम होता है ।

## रोग की चिकित्सा

बाह्य / एक्सटर्नल रेडियेशन थेरेपी शुरू करने से पहले रेडियेशन विशेषज्ञ चिकित्सा की योजना बनाता है। वह यह भी निर्धारित करता है कि मरीज़ को किस प्रकार की रेडियेशन और कितने सेशन देने हैं । आप शुरूआती सेशन में भाग ले सकते हैं। चिकित्सक सबसे पहले उस जगह पर निशान बनाता है जहां पर कि रेडियेशन चिकित्सा देनी होती है। चिकित्सकीय क्षेत्र पर निशान अंकित करने के लिए आजकल छोटे गोल्ड सीड्स का इस्तेमाल किया जाता है जिन्हें कि फिड्यूकल्स कहते हैं। एक चिकित्सकीय सेशन से दूसरे चिकित्सकीय सेशन में जाने के लिए ट्यूमर पर रेडियेशन की बीम देने पर ज्यादा सावधानी की आवश्यकता होती है। इससे रेडिसेशन के फैलने का खतरा और सामान्य सेल्स को क्षति पहुंचने का खतरा कम हो जाता है। चिकित्सा के दौरान मरीज को अस्पताल का गाउन पहनने की आवश्यकता होती है। रेडियेशन थेरेपी के कमरे में आपको या तो चिकित्सा की टेबल पर लेटना होता है या विशेष कुर्सी पर बैठना होता है। आपकी त्वचा पर बनाये निशान से चिकित्सक उस जगह को निर्धारित कर सकेगा जहां पर रेडियेशन देनी है और शरीर के दूसरे भागों पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ेगा। थेरेपी लेने के दौरान आपका एक ही स्थिति में पड़े रहना जरूरी है। इसी कारण से आपके शरीर को एक सांचे में रखा जाता है। एक बार जबकि आप चिकित्सा के लिए तैयार हो जाते हैं तो रेडियेशन आनकोलाजिस्ट कमरे से बाहर निकलकर पास के कंट्रोल रूम में चला जाता है । यहां से चिकित्सक ट्रीटमेंट मशीन का प्रयोग कर एक खास खिड़की से आपकी निगरानी करता है। रेडियेशन थेरेपी के दौरान आप चिकित्सकीय मशीन की आवाज़ सुन सकते हैं और यह मशीन आपके इर्द गिर्द घूमती है । यह चिकित्सा 1 से 5 मिनट तक होती है और इसमें किसी प्रकार का दर्द भी नहीं होता । ट्रीटमेंट के कमरे में आपको 5 से 15 मिनट तक का समय लगता है । सामान्यत: यह चिकित्सा एक हफ्ते से कई हफ्तों तक की जाती है । अगर आप आंतरिक रेडियेशन थेरेपी करा रहे हैं तो आपकी चिकितसा थोड़ा अलग तरीके से होती है।



## ब्रैकी थेरेपी

एक तरीका है ब्रैकीथेरेपी जिसे कि इन्टरस्टीशियल रेडियेशन थेरेपी भी कहते हैं । अगर आप यह प्रक्रिया करा रहे हैं तो आपको एनेस्थीसिया दिया जाता है तारों में मौजूद रेडियोएक्टिव पदार्थ या छोटे ट्यूब में पड़ा रेडियोएक्टिव पदार्थ मरीज के शरीर में ट्यूमर के स्थान पर सीधा आरोपित कर दिया जाता है। यह रेडियोएक्टिव आरोपण शरीर के अंदर रहता है या इसे कुछ समय बाद शरीर से निकाल दिया जाता है और यह बात भी कैंसर के प्रकार पर निर्भर करती है।

दूसरी प्रक्रिया जिसे कि इन्ट्राकैविटरी थेरेपी कहते हैं इसमें आपको जनरल या लोकल एनेस्थेटिक दिया जाता है और रेडियोएक्टिव पदार्थ को सीधा शरीर की कैविटी में आरोपित कर दिया जाता है। बाद में इसे निकाल भी दिया जाता है। पुराने समय से आज तक दोनों ही प्रकार की रेडियेशन थेरेपी में बदलाव आये हैं। जैसे कि रेडियेशन का स्रोत प्रोटोन भी हो सकते हैं। इस तकनीक में रेडियेशन बीम को सीधा मरीज पर केंद्रित किया जाता है। इससे अधिक मात्रा में रेडियेशन टिश्यूज तक पहुंच जाती है और यह सामान्य सेल्स को कम नुकसान पहुंचाती है ।

वितरण की नयी तकनीक को देखते हुए एक्स रे इमेजिंग तकनीक का प्रयोग भी विस्तार से हो रहा है । ऐसे दो तरीके हैं–

- **थ्री डाइमेंशनल कनफार्मल रेडियेशन और इन्टेंसिटी माडूलेटेड रेडियेशन** : इसका ध्येय है ट्यूमर सेल्स में रेडियेशन की सही मात्रा देना जिससे कि सामान्य सेल्स को किसी प्रकार की क्षति ना पहुंचे ।
- साइबरनाइफ थेरेपी अधिक मात्रा में रेडियेशन थेरेपी देती है और इसे छोटे अंतराल पर देना होता है। ऐसे में बहुत ही सटीक मात्रा में रेडियेशन की डोज देनी होती है। कुछ स्थितियों में रेडियेशन चिकित्सा में कुछ हफ्ते लग जाते हैं और बीमारी ठीक हो जाती है।



## बीमारी का पूर्वानुमान

चिकित्सक कुछ शरीरिक जांच, स्कैन, एक्स रे, रक्त जांच करके रेडियेशन थेरेपी का पता लगाने की कोशिश करेंगे । आपके निशचित प्रकार की फोलो अप और जांच से यह पता चलेगा कि रेडियेशन थेरेपी की आवश्यकता है या नहीं । इस जांच से ट्यूमर की सथिति का पता चलेगा और यह भी पता चलेगा कि कैंसर कितना फैल चुका है। रेडियेशन थेरेपी के बहुत से दूसरे अतिरिक्त प्रभाव हैं जो कि शरीर के उस क्षेत्र पर निर्भर करते हैं जिनकी चिकित्सा की जानी है। रेडियेशन थेरेपी के प्रभाव कुछ इस प्रकार से हो सकते हैं जैसे कि थकान होना, बालों का झड़ना, त्वचा के रंग में परिवर्तन, भूख ना लगना, उलटियां आना, इन्फर्टिलिटी, स्टेरिलिटी, वैजाइनल ड्राइनेस। रेडियेशन थेरेपी से दूसरे प्रकार के कैंसर का भी डर रहता है।



# Titanic में रोज की जान बचाने वाला दरवाजा 5.83 करोड़ में हुआ नीलाम

फिल्म 'टाइटैनिक' को आए कई साल बीत चुके है। लेकिन आज भी ये लोग इसे उतना ही पसंद करते हैं। इस फिल्म को पसंद करने के लोगों के पास कई कारण हैं। किसी को इसमें दिखाई गई लव स्टोरी पसंद है तो किसी को इसका दिल तोड़ देने वाला अंत पसंद आता है। इसके एक्टर्स की फैन फॉलोइंग की बात की जाए तो उसकी कोई लिमिट ही नहीं। लियोनार्डो डिकैप्रियो और केट विंसलेट की लव स्टोरी में वो दरवाजा काफी चर्चा में रहा है, जिसके कारण रोज की जान बची थी। अब इस दरवाजे को नीलाम कर दिया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, जिस दरवाजे ने रोज की जान बचाई थी उसे ही जैक के दुखद निधन का कारण भी माना जाता है। हाल ही में एक नीलामी में वो दरवाजा 718,750 डॉलर में बिका है। इसके अलावा जो ड्रेस केट विंसलेट ने पहनी थी उसे भी इस नीलामी ने 125,000 डॉलर में नीलाम हुई। आपको बता दें कि फिल्म को देखने पर लोगों को लगा था कि वो दरवाजा महज एक लकड़ी का पैनल था, जबकि हेरिटेज ऑक्शन्स ट्रेजर्स ने स्पष्ट किया कि यह वास्तव में जहाज के फर्स्ट क्लास लाउंज के एंट्रेंस के ठीक ऊपर के दरवाजे के फ्रेम का हिस्सा है।

फिल्म में पहनी गई केट की शिफॉन ड्रेस भी इवेंट में 125,000 डॉलर में नीलाम हुई। बता दें कि जिस दरवाजे को नीलाम किया गया है, उसे लेकर सालों तक बहस चली। फिल्म के अंत में जैक की मौत पर काफी बहस होती रही है। फैंस हमेशा से कहते आए हैं कि जैक की जान बचाई जा सकती थी। दरअसल निर्देशक ने दोनों की तुलना लव स्टोरी को रोमियो-जूलियट से की थी। लोगों का कहना था कि उस दरवाजे पर रोज के साथ-साथ जैक भी जा सकता था और बच सकता था। इसे लेकर निर्देशक को अपना पक्ष भी रखना पड़ा था कि आखिर उन्होंने जैक की मौत क्यों दिखाई।






## OTT पर इस दिन स्ट्रीम होगी आश्रम-4

एनिमल मूवी से बॉबी देओल ने फिल्मों में जोरदार वापसी की है। अब खबर है कि उनकी वेब सीरीज आश्रम के 3 सफल सीजन के बाद इसका सीजन 4 भी आने वाला है। आश्रम वेब सीरीज एमएक्स प्लेयर पर मौजूद है और इसमें बॉबी देओल ने एक स्वयंभू गॉडमैन का रोल निभाया है, जो पॉवरफुल होने के साथ-साथ दुष्ट भी होता है। ये गॉडमैन भगवान, धर्म और आस्था के बहाने कई आपराधिक गतिविधियों का मास्टरमाइंड होता है।

बॉबी देओल की ये सीरीज लोगों ने काफी पसंद किया है और अब फैंस आश्रम 4 भी जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकेंगे। आश्रम 4 का टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है और इसमें बाबा निराला की वापसी का हिंट दिया गया है। हालांकि, उसके बाद से मेकर्स ने इसे लेकर कोई अपडेट नहीं दी। सीरीज में अहम रोल निभाने वाले चंदन रॉय सानियास ने एक बड़ा हिंट दिया है कि आश्रम 4 इसी साल रिलीज होगी। उन्होंने बताया कि आश्रम 4 की शूटिंग अभी थोड़ी बाकी है।

## करीना, बोलीं- शाहरुख-काजोल वाली प्रेम कहानियां क्यों नहीं बनती

करीना कपूर आने वाले दिनों में क्रू में तब्बू और कृति सेनन के साथ नजर आने वाली है। यह एक कॉमेडी फिल्म है। करीना बॉलीवुड के पुराने दिनों को याद करते हुए कहती हैं, अब क्यों नहीं लोग लव-स्टोरी बनाते हैं। करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म क्रू की वजह से सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म में वे एक एयर होस्टेस की भूमिका में नजर आने वाली हैं। करीना अपनी आने वाली फिल्म को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहीं हैं। हाल ही में अपने फिल्म के प्रमोशन के दौरान करीना पुराने दिनों को याद करती नजर आई।

### गीत दिमाग से नहीं दिल से सोचती थी

करीना कपूर ने बॉलीवुड को एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दी हैं। अभिनेत्री की फिल्म जब वी मेट आज भी दर्शकों को बेहद पसंद है। करीना उस फिल्म में गीत के किरदार में नजर आई थीं। करीना कहती हैं, देखिए जब वी मेट जैसी फिल्में बार-बार नहीं बनती हैं। आज भी दर्शक गीत को याद करते हैं। गीत दिल से सोचती थी। वह किरदार सोशल मीडिया वाले युग से पहले का किरदार है।

## मुंबई के हुक्का बार पर पकड़े गए मुनव्वर फारूकी



मुनव्वर फारूकी को मुंबई पुलिस ने एक हुक्का बार पर छापेमारी के दौरान हिरासत में लिया?। मुनव्वर का मेडिकल टेस्ट करवाया गया, जो पॉजिटिव निकला और उन पर एक्शन लिया गया। मुंबई पुलिस ने जानकारी दी कि मुनव्वर फारूकी को फिर पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। मुनव्वर फारूकी अब एक नई मुश्किल में फंस गए। हाल ही मुंबई में एक हुक्का बार में हुई छापेमारी के दौरान मुंबई पुलिस ने मुनव्वर फारूकी को हिरासत में ले लिया। उनके साथ छह अन्य लोगों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया था। घटना मंगलवार, 26 मार्च रात की है। हालांकि बाद में पूछताछ के बाद मुनव्वर फारूकी को छोड़ दिया गया। इसके कुछ देर बाद मुनव्वर फारूकी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एयरपोर्ट से तस्वीरें शेयर कीं। मुंबई पुलिस की सामाजिक सेवा शाखा ने एक टिप मिलने पर बोरा बाजार में सबलान हुक्का बार पर छापा मारा। था।





## उर्वशी ने शादी के सवाल पर दिया ऐसा जवाब, सोशल मीडिया पर मचा हंगामा

बीते कुछ वक्त से चर्चा ऐसी चर्चा है कि बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला क्रिकेटर ऋषभ पंत को डेट कर रही हैं. हालांकि दोनों ने कभी अपने रिश्ते को लेकर किसी भी तरह की आधिकारिक घोषणा नहीं की है. लेकिन साल 2022 में जब ऋषभ पंत का कार एक्सीडेंट हुआ तो उर्वशी रौतेला और उनकी मां क्रिकेटर का हालचाल लेने अस्पताल में पहुंची थी. जिसके बाद से एक्ट्रेस और ऋषभ पंत के रिश्ते को लेकर और भी तेज हो गई. इस बीच उर्वशी रौतेला ने उनके साथ अपनी शादी को लेकर प्रतिक्रिया दी है. हाल ही में जेएनयू एक्ट्रेस ने वेबसाइट से बातचीत की.

इस दौरान उन्होंने अपनी फिल्म के अलावा पर्सनल लाइफ के बारे में भी बताया है. उर्वशी रौतेला से सवाल किया गया कि वह ऋषभ पंत से कब शादी करेंगी. इस पर एक्ट्रेस ने थोड़ी देर खामोश होकर कहा- नो कमेंट्स. एक्ट्रेस के इस जवाब से साफ है कि उर्वशी ने अपनी पर्सनल लाइफ को सीक्रेट रखने का फैसला किया है.

आपको बता दें कि उर्वशी रौतेला इन दिनों फिल्म जे.एन.यू.- जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी को लेकर चर्चा में हैं. वह इन दिनों अपनी इस फिल्म का जोर-शोर से प्रमोशन कर रही हैं. इसके अलावा उर्वशी रौतेला अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम 3 में उर्वशी रौतेला, बॉबी देओल,दलकीर सलमान, नंदमुरी बालकृष्ण के साथ एनबीके109, सनी देओल और संजय दत्त के साथ बाप (हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर एक्सपेंडेबल्स का रीमेक).

## द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो के पहले एपिसोड में नजर आएंगे रणबीर कपूर




कपिल शर्मा अपनी टीम के साथ नेटफ्लिक्स पर लोगों का एंटरटेनमेंट करने के लिए आ गए हैं। इस शो के पहले एपिसोड का प्रोमो सामने आया है। जिसमें साफ हो गया है कि पहले एपिसोड में रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर साहनी बतौर गेस्ट नजर आएंगे।

इस दौरान इनकी लाइफ से जुड़े कई खुलासे भी होने वाले हैं। सामने आए प्रोमो में ही रणबीर कपूर के कई सीक्रेट खुल गए हैं, जो किसी और ने नहीं बल्कि उन्होंने खुद खोले हैं। द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो के पहले एपिसोड में आप रणबीर कपूर के कई खुलासे देखने वाले हैं। एक्टर ने इस शो के प्रोमो में रिवील किया कि वो अपनी मां की ज्वेलरी अपनी गर्लफ्रेंड्स को दे दिया करते थे। अब आखिर ये बात शुरू कैसे हुई, इसके बारे में आपको बताते हैं। दरअसल कपिल शर्मा कहते हैं कि रणबीर ने रिद्धिमा के कपड़े अपनी गर्लफ्रेंड्स को गिफ्ट किए हैं।

इस पर रिएक्ट करते हुए रणबीर झट से कहते हैं, मैंने तो गर्लफ्रेंड्स को मम्मी के गहने भी दे डाले। रणबीर का जवाब सुनते ही नीतू थोड़ा शॉक होती हैं और फिर हंसने लगती हैं। द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो में एक बार फिर कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर की जोड़ी साथ मिलकर लोगों का एंटरटेनमेंट करेगी। लंबे वक्त के बाद दोनों इस शो में साथ आए हैं। साथ ही कीकू शारदा और कृष्णा अभिषेक भी लोगों का एंटरटेनमेंट करेंगे।

## राजनीति में जाना चाहती है सारा अली

सारा अली खान इन दिनों लगातार अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में बिजी हैं। हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उनकी दो मोस्ट अवेटेड फिल्में 'मर्डर मुबारक' और 'ऐ वतन मेरे वतन' रिलीज हो चुकी हैं। इसे दर्शकों से अच्छा खासा रिस्पांस मिल रहा है। 'मर्डर मुबारक' उनकी पहली सस्पेंस थ्रिलर थी। इसके साथ ही 'ऐ वतन मेरे वतन' में उन्होंने उषा मेहता का रोल प्ले किया, जिसे लोगों से खूब प्यार मिला और उनकी एक्टिंग ने सभी का दिल जीत लिया। इसी बीच अब उनकी राजनीति में एंट्री की चर्चा शुरू हो गई है। इस पर एक्ट्रेस का रिएक्शन भी सामने आया है। दरअसल, कंगना रनौत के मंडी से लोकसभा चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद सारा अली खान का पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा था। इसमें उन्होंने राजनीति में जाने की दिलचस्पी दिखाई थी। ऐसे में 'मर्डर मुबारक' के प्रमोशन के दौरान सारा ने कॉमेडियन अनुभव सिंह बस्सी से बात की थी। इस बातचीत के दौरान उनसे राजनीति में एंट्री को लेकर सवाल किया गया था कि आगे चलकर सारा राजनीति में शामिल होना चाहती हैं? तो इस पर उनकी ओर से हां में जवाब दिया गया। उन्होंने कहा कि हां वो जा सकती हैं।



## रामायण में राम रणबीर की मां कौशल्या बनेंगी इंदिरा कृष्णन

### एनिमल में निभाया था सास का रोल

नितेश तिवारी की रामायण में एक्ट्रेस इंदिरा कृष्णन राम की मां कौशल्या के रोल में होंगी। रामायण में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में नजर आएंगे और इंदिरा उनकी मां होंगी। इंदिरा कृष्णन ने रणबीर कपूर स्टारर एनिमल में उनकी सास का रोल प्ले किया था। नितेश तिवारी की फिल्म रामायण को लेकर दो बड़े अपडेट सामने आए हैं। जो एक्ट्रेस इस फिल्म में राम की माता कौशल्या का किरदार निभाएंगी, उनका नाम सामने आया है। साथ ही बताया जा रहा है कि रामायण दिवाली 2025 पर रिलीज हो सकती है, और इसे लेकर अप्रैल में ऑफिशियल अनाउंसमेंट की जा सकती है। कहा जा रहा है कि पॉपुलर फिल्म और टीवी एक्ट्रेस इंदिरा कृष्णन रामायण में कौशल्या का किरदार निभाएंगी। फिलहाल इंदिरा कृष्णन टीवी शो ध्रुव तारा: समय सदी से परे में राजमाता दुर्गावती का रोल प्ले कर रही हैं।

# राहुल ने दी गारंटी बोले- सरकार बदलने पर लोकतंत्र का चीर हरण करने वालों को सबक सिखाएंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के फ्रीज हुए खाते और आयकर विभाग की विसंगतियों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने काफी नाराजगी जाहिर की है।कांग्रेस ने आरोप लगाया कि आयकर विभाग ने भारतीय जनता पार्टी को लेकर आंखें बंद कर ली हैं, जबकि उस पर 4600 करोड़ रुपये का जुर्माना बनता है। पार्टी ने यह दावा भी किया कि लोकसभा चुनाव से पहले कर आतंकवाद के जरिये विपक्ष पर हमला किया जा रहा है। पार्टी को 1823 करोड़ रुपये के भुगतान के नोटिस जारी किए हैं। इसे लेकर कांग्रेस नेता आईटी डिपार्टमेंट पर काफी भड़के नजर आए। मुख्य विपक्षी दल के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान दिए एक बयान का वीडियो एक्स पर साझा किया। इसके साथ उन्होंने पोस्ट किया, 'जब सरकार बदलेगी तो लोकतंत्र का चीरहरण करने वालों पर कार्रवाई जरूर होगी। ऐसी कार्रवाई होगी कि दोबारा फिर किसी की हिम्मत नहीं होगी, ये सब करने की। यह मेरी गारंटी है।'

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, भाजपा की ओर से 42 करोड़ रुपये जमा करने के लिए 4,600 करोड़ रुपये के जुर्माने की अनदेखी की गई, जबकि कांग्रेस के विधायकों और सांसदों द्वारा 14 लाख नकद जमा करने के लिए 135 करोड़ रुपये के जुर्माने की मांग की गई है।मल्लिकार्जुन खरगे ने सवाल किया कि केवल विपक्ष के खिलाफ इस अनुचित तरीके से कार्रवाई करने के लिए आयकर विभाग पर कौन दबाव डाल रहा है? कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया, 'मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को परेशान करने के लिए आयकर विभाग को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति क्यों दी जा रही है? वे लोकतंत्र को नष्ट करने और संविधान को कमजोर करने के लिए आयकर विभाग, ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दावा किया कि केंद्र सरकार कांग्रेस को वित्तीय रूप से दिवालिया करने का प्रयास कर रही है।

## दिल्ली के गायब हो चुके दो स्मारक अब कागजों से भी हटेंगे



नई दिल्ली । दिल्ली के गायब हो चुके दो स्मारक अब कागजों से भी हटेंगे। भारत सरकार ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित दिल्ली के इन दो स्मारकों सहित देश के 18 स्मारकों से राष्ट्रीय स्मारकों का दर्जा समाप्त करने का फैसला लिया है।इसके लिए अधिसूचना जारी की गई है।जनता से दो माह के भीतर सुझाव मांगे गए हैं। दिल्ली के दो स्मारकों में कोटला मुबारकपुर में कभी रही इंचला वाली गुमटी और बाराखंभा कब्रिस्तान शामिल है।इसके बाद दिल्ली में राष्ट्रीय स्मारकों की संख्या 174 की जगह 172 रह जाएगी। दिल्ली में गायब हो चुके स्मारकों की बात करें तो कभी कोटला मुबारकपुर में इंचला वाली गुमटी रही थी, जो 30–25 साल पहले गायब हो चुकी है।इसके स्थान पर मकान बन गए हैं।इसी तरह बाराखंभा के शाही कब्रिस्तान को गायब हुए भी करीब इतने ही साल हो गए हैं। एएसआई के एक वरिष्ठ अधिकारी कहते हैं कि ये स्मारक बहुत पहले से अनुपलब्ध हैं।मगर कागजों में इनका जिक्र लगातार आ रहा है।उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने इन्हें सूची से हटाने का फैसला लिया है। सरकार द्वारा गत आठ मार्च को जारी की गई अधिसूचना के अनुसार उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा अरुणाचल प्रदेश में एएसआइ द्वारा संरक्षित 18 स्मारकों को राष्ट्रीय महत्व से हटा रहा है।

## जनता को कर्ज में डुबोकर देश का भला नहीं कर रही सरकार : प्रियंका



नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोदी सरकार पर देश के आम नागरिकों भारी कर्ज में डूबने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जब देश की जनता का भला नहीं हो रहा है तो उन पर कर्ज में क्यों थोपा जा रहा है। श्रीमती वाड्रा ने कहा, 'पिछले 10 वर्ष में अकेले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार देश का कर्ज़ ने बढ़ाकर 205 लाख करोड़ पहुंचा दिया है। इनकी सरकार ने लगभग 150 लाख करोड़ कर्ज लिया बीते 10 साल में। आज देश के हर नागरिक पर लगभग डेढ़ लाख का औसत कर्ज बनता है।' उन्होंने सवाल करते हुए कहा, 'यह पैसा राष्ट्रनिर्माण के किस काम में लगा।क्या बड़े पैमाने पर नौकरियाँ पैदा हुईं या दरअसल नौकरियाँ तो गायब हो गईं। क्या किसानों की आमदनी दोगुनी हो गई। क्या स्कूल और अस्पताल चमक उठे। सार्वजनिक क्षेत्र मजबूत हुआ या कमजोर कर दिया गया। क्या बड़ी–बड़ी फ़ैक्ट्रियाँ और उद्योग लगाये गये।' श्रीमती वाड्रा ने कहा, 'अगर ऐसा नहीं हुआ, अगर अर्थव्यवस्था के कोर सेक्टर्स में बदहाली देखी जा रही है, अगर श्रम शक्ति में गिरावट आई है,अगर छोटे–मध्यम कारोबार तबाह कर दिए गए – तो आखिर यह पैसा गया कहाँ। किसके ऊपर खर्च हुआ? इसमें कितना पैसा बट्टेखाते में गया। बड़े–बड़े खरबपतियों की कर्जमाफी में कितना पैसा गया। अब सरकार नया कर्ज लेने की तैयारी कर रही है तो सवाल उठता है कि पिछले 10 साल आम जनता को राहत मिलने की बजाय जब बेरोजगारी, महंगाई आर्थिक तंगी का बोझ बढ़ता ही जा रहा है तो भला भाजपा सरकार जनता को कर्ज में क्यों डुबो रही है।'

## किराए के बंगले में अश्लील वीडियो बनाने वाला गिरोह गिरफ्तार, 13 युवक–युवतियां भी पकड़ाये

पुणे । पुणे के लोनावला में अश्लील वीडियो बनाने वाले एक गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह गोरखधंधा 2 दिन से चल रहा था। यहां अलग–अलग राज्यों के युवक–युवतियां पकड़े गए हैं। कुछ अश्लील वीडियो पुलिस के हाथ लगे हैं।इसी के साथ विला किराए पर देने वाले तीन लोगों पर भी केस दर्ज किया गया है। लोनावला में स्थित अर्णव विला नाम के बंगले में अलग–अलग राज्यों के 15 युवक–युवतियां पहुंचे थे। पुलिस का कहना है कि ये लोग अश्लील ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए पोर्न वीडियो की शूटिंग कर रहे थे जबकि भारत में पॉर्न वीडियो बनाना एक क्राइम है ये प्रतिबंधित भी है। जब पुलिस को इस बात की भनक लगी तो अफसरों ने अपने स्तर से जानकारी करवाई। इसके बाद लोनावला ग्रामीण पुलिस ने अर्णव विला पर छापेमारी कर दी। पुलिस को देख अश्लील वीडियोज की शूटिंग कर रहे युवक–युवतियों के होश उड़ गए। पुलिस ने इस दौरान 13 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अफसरों का कहना है कि ये गैंग लोनावला में पॉर्न वीडियो बना रहा था। 15 लोगों में 5 युवतियां भी शामिल हैं। ये सभी देश के अलग–अलग राज्यों से हैं। पुलिस ने 15 में से 13 लोगों को अरेस्ट किया है। लोनावला ग्रामीण पुलिस ने मौके से कैमरे और अन्य सामग्री भी जब्त कर ली है। इसी के साथ बंगला किराए पर देने वाले तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई है।

# एक और शादी करना चाहते हैं बदरुद्दीन अजमल! हिमंता बोले- अभी कर लें, बाद में जाना पड़ेगा जेल



**मुंबई (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल को उनकी वैवाहिक योजनाओं को लेकर कड़ी चेतावनी जारी की। सरमा ने कहा कि यदि अजमल दोबारा शादी करने का इरादा रखते है, तो उन्हें आगामी चुनावों से पहले ऐसा करना चाहिए। सरमा ने आगे कहा कि चुनाव से पहले अजमल की शादी में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित होगी, क्योंकि यह मौजूदा कानूनों के तहत वैध है। हालाँकि, चुनाव के बाद समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के लागू होने से परिदृश्य बदल जाएगा।

हिमंत बिस्वा सरमा ने बदरुद्दीन अजमल को लेकर कहा कि उन्हें अभी शादी कर लेनी चाहिए, चुनाव के बाद यूसीसी असम आएगी, फिर गिरफ्तारी होगी। इसलिए अगर वह चुनाव से पहले शादी कर लें तो ठीक है। फिर हम उनकी शादी में भी जायेंगे। अब ये गैरकानूनी नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां तक ??मुझे पता है, उनकी एक पत्नी है, आज वह दो या तीन शादियां कर सकते हैं लेकिन चुनाव के बाद हम बहुविवाह बंद कर देंगे। सारी तैयारी हो चुकी है। अगर आप अभी शादी करते हैं, तो कुछ दिनों के भीतर करें, हमें भी बुलाएं क्योंकि यह अभी भी कानूनी है। लेकिन चुनाव के बाद यह अवैध है।

मुख्यमंत्री की टिप्पणी अजमल की दूसरी शादी करने की कथित इच्छा के जवाब में आई है। अब तक, यह ज्ञात है कि अजमल की केवल एक पत्नी है, लेकिन सरमा ने चेतावनी दी कि यूसीसी कार्यान्वयन के बाद किसी भी अतिरिक्त विवाह को कानून के तहत बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 28 मार्च को, बदरुद्दीन अजमल ने अपनी उम्र के बावजूद शादी के लिए अपनी पात्रता पर जोर देते हुए विवादास्पद टिप्पणी की, ÷आज भी मैं शादी करने के लिए युवा हूं... मुझमें ताकत है और मैं दोबारा शादी कर सकता हूं।÷ एआईयूडीएफ पार्टी प्रमुख ने 74 वर्ष से अधिक उम्र होने के बावजूद खुद को ÷बलवान अजमल÷ कहा।

## ननद-भौजाई के बीच बारामती में होगा मुकाबला, शरद पवार के बाद अजित ने भी घोषित किया उम्मीदवार

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने शनिवार को सुनेत्रा पवार को चर्चीत बारामती लोकसभा सीट से उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा, जिससे यह पवार परिवार के भीतर सीधी लड़ाई बन गई। सुनेत्रा पवार अजित पवार की चचेरी बहन और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी। यह घोषणा आज तीव्र अटकलों के बीच हुई, जिसमें राकांपा नेता सुनील तटकरे ने आधिकारिक तौर पर सुनेत्रा अजीत पवार को बारामती लोकसभा क्षेत्र के लिए उम्मीदवार घोषित किया।

वहीं, 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी - शरद चंद्र पवार' पार्टी की केंद्रीय संसदीय समिति ने आज लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा की। सूची की घोषणा करते हुए राज्य इकाई प्रमुख जयंत पाटिल ने कहा कि सुप्रिया सुले और अमोल कोल्हे को क्रमशः बारामती और शिरूर निर्वाचन क्षेत्रों से बरकरार रखा गया है।÷ पार्टी ने पांच सीटों - वर्धा, डिंडोरी, बारामती, शिरूर और अहमदनगर के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। पार्टी ने बारामती से सुप्रिया सुले को फिर से उम्मीदवार बनाया है; वह एनसीपी की सुनेत्रा पवार से मुकाबला करेंगी जिनके नाम की घोषणा बारामती से एनसीपी (एससीपी) की सूची जारी होने के कुछ घंटों बाद की गई। इस बीच, एनसीपी (एससीपी) ने नासिक जिले की डिंडोरी सीट से भास्कर भागरे और वर्धा से पूर्व कांग्रेस विधायक अमर काले को उम्मीदवार बनाया है। भगरे डिंडोरी (एसटी) सीट पर केंद्रीय मंत्री और मौजूदा भाजपा सांसद भारती पवार के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। पारनेर से मौजूदा विधायक लंके का मुकाबला अहमदनगर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा सांसद सुजय विखे पाटिल से होगा। विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का हिस्सा एनसीपी (एसपी), जिसमें शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस भी शामिल हैं, महाराष्ट्र में 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जो लोकसभा में 48 सदस्यों को भेजता है।

## आयकर विभाग ने ऐसे मामले में मुझे नोटिस दिया, जिसका निपटारा पहले ही हो चुका है : डी के शिवकुमार

बेंगलुरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि उन्हें एक आयकर नोटिस मिला है, हालांकि उनके खिलाफ उस मामले का निपटारा हो चुका है। केंद्र पर विपक्ष को परेशान करने का आरोप लगाते हुए, कनकपुरा के विधायक एवं कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस प्रमुख शिवकुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन से डर लगता है। शिवकुमार ने कहा, 'मुझे भी कल रात आयकर से एक नोटिस मिला, जबकि उस मामले का पहले ही निपटारा हो चुका है। मैं और मेरे निजी सहायक तथा बाकी सभी लोग हैरान थे।'' शिवकुमार ने कहा, मामला अदालत में होने के बावजूद आयकर अधिकारी सभी जगहों पर जा रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं से जुड़े कई मामले हैं, जिनके खिलाफ कोई कार्रवाई होने की उम्मीद नहीं। हालांकि उन्होंने मामलों का विवरण सार्वजनिक करने से इनकार कर दिया। शिवकुमार ने कहा, ''मैं कर्नाटक से मौजूदा केंद्रीय मंत्री के खिलाफ (मामले) सहित (अन्य मामलों का) उल्लेख नहीं करना चाहता, लेकिन पिछले चार–पांच वर्षों से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। किसी गवाह को नहीं बुलाया गया, कोई आरोपपत्र दाखिल नहीं किया गया।

## भजनलाल ने राजस्थान स्थापना दिवस पर मोदी की शुभकामना पर जताया आभार

जयपुर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं और इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शुभकामनाओं पर सभी प्रदेशवासियों की तरफ से आभार प्रकट किया हैं। श्री शर्मा ने श्री मोदी के राजस्थान स्थापना दिवस पर प्रदेश के लोगों को शुभकामना देने पर कहा 'प्रधानमंत्री द्वारा राजस्थाना स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदत्त शुभकामनाओं के लिए समस्त प्रदेशवासियों की तरफ से आत्मीय आभार।' उन्होंने कहा कि सुशासन को समर्पित प्रदेश की भाजपा सरकार प्रधानमंत्री की गारंटियों को साकार करते हुए विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहयोग करने के लिए वचनबद्ध हैं। इस मौके मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के सबक का साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास की संकल्पना के अनुरुप प्रदेश भाजपा सरकार 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के निर्माण के लिए प्रत्येक स्तर पर निरंतर क्रियाशील है। आज के इस विशेष दिवस पर श्री गिरिराज महाराज से प्रार्थना है कि अध्यात्म, संस्कृति एवं गौरवशाली इतिहास से परिपूर्ण हमारा प्रदेश यूंही प्रगति के नित नए प्रतिमान स्थापित करता रहे और समस्त प्रदेशवासियों के जीवन में समृद्ध एवं खुशहाल का मार्ग प्रशस्त हो।

## प्रधानमंत्री मोदी रविवार को मेरठ में रैली को संबोधित कर चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे

**मेरठ/लखनऊ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित होने के बाद उत्तर प्रदेश के मेरठ में रविवार को एक रैली संबोधित कर राज्य में चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक पदाधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि प्रधानमंत्री की इस रैली में मेरठ के अलावा बागपत, बिजनौर, मुजफ्फरनगर और कैराना लोकसभा क्षेत्रों के लोग भी शामिल होंगे। भाजपा मुख्यालय से प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता को प्रधानमंत्री की रैली के समन्वय की जिम्मेदारी दी गयी है। उत्तर प्रदेश में 80 सीट पर सभी सात चरणों में चुनाव होने हैं जिसकी शुरुआत पश्चिमी उप्र से हो रही है। पहले चरण के तहत बिजनौर, मुजफ्फरनगर और कैराना लोकसभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को मतदान होगा। हालांकि मेरठ और बागपत में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। मेरठ से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित चौधरी ने कहा, ''यह 2024 के चुनाव की पहली रैली है। कार्यकर्ताओं का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री क्रांति धरा मेरठ से चुनावी अभियान की शुरुआत करने जा रहे हैं।' मेरठ के एक अधिकारी ने बताया कि मेरठ में 31 मार्च को प्रधानमंत्री की प्रस्तावित रैली के मद्देनजर सुरक्षा के लिए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत रैली स्थल के आठ किमी के दायरे में हवाई प्रदर्शन, ड्रोन, पतंग या गुब्बारे उड़ाना प्रतिबंधित कर दिया है। जिलाधिकारी ने सभी थानाध्यक्षों को आदेश दिए हैं कि वह अपने क्षेत्रों में आदेशों का सख्ती से पालन कराएं।

# पूर्व सांसद पप्पू यादव के कारण पूर्णिया लोकसभा सीट राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में बदला



**पटना (एजेंसी)।** पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव जिन्होंने पिछले हफ्ते अपनी जन अधिकार पार्टी (जेएपी) का कांग्रेस में विलय कर बिहार के पूर्णिया से लोकसभा चुनाव लड़ने की उम्मीद की थी। बाद में यह सीट राजद कोटे में चली गई। ऐसे में पूर्व सांसद पप्पू यादव की दृढ़ महत्वाकांक्षा के कारण पूर्णिया लोकसभा सीट राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में बदल गया है। महागठबंधन में राजद द्वारा बीमा भारती को उम्मीदवार बनाए जाने से चर्चा तेज हो गई है। जबकि पप्पू यादव चुनाव लड़ने पर अड़े हुए हैं।

इस मामले पर पप्पू यादव ने कहा कि मैं सहज हूं क्योंकि मुझे पूर्णिया के लोगों का समर्थन प्राप्त है और लोग मेरे दिल के बहुत करीब हैं। राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी भी मेरे बहुत करीबी हैं। वे मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। मैं कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास करता हूं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि सीमांचल कोसी जीतकर देश में कांग्रेस सरकार बनाएंगे और पूर्णिया में कांग्रेस का झंडा लहराएंगे। हम राहुल गांधी जी को प्रधानमंत्री बनाएंगे। राजद कांग्रेस की अहम सहयोगी है। उन्होंने कहा कि मुझे अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय करने का कोई अफसोस नहीं है क्योंकि मैंने ऐसा एक बड़े उद्देश्य के लिए किया है। मेरा उद्देश्य भेदभाव को खत्म करना, लोकतंत्र, संस्थानों और अन्य संगठनों को बचाना है। ऐसा करने के लिए एक बड़े मंच की जरूरत थी यही वजह है कि मैंने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया है।

उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस में हूं और वहीं रहूंगा। मैं निश्चित रूप से पूर्णिया से कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर लड़ूंगा। मैं पिछले 2 वर्षों से इस निर्वाचन क्षेत्र में काम कर रहा हूं। पूर्णिया सीमांचल की राजधानी है और पूरा देश इसे आशा भरी नजरों से देखता है। पूर्णिया ने मुझे कभी दूर नहीं किया तो मैं पूर्णिया कैसे छोड़ सकता हूं? मेरे पास मधेपुरा और सुपौल सीट का ऑफर था लेकिन मैंने मना कर दिया। ऐसे में अगर पप्पू यादव चुनाव लड़ते हैं तो इससे किसका नुकसान करेंगे यह देखना होगा। कांग्रेस ने कई मौकों पर बलिदान दिया है क्योंकि उनके लिए सत्ता ही एकमात्र लक्ष्य नहीं है। वे युवाओं के रोजगार, किसानों और महिला सुरक्षा के लिए काम करते हैं। कांग्रेस ने राजद को बड़े भाई की तरह सम्मान दिया है। महागठबंधन के सहयोगियों के भीतर आंतरिक कलह स्पष्ट है जिसमें यादव मानने में अनिच्छा दिखा रहे हैं। उन्होंने 2 अप्रैल को अपना नामांकन दाखिल करने की योजना के साथ आधिकारिक तौर पर पूर्णिया से आम चुनाव लड़ने की घोषणा की है।

## देवरिया में गैस सिलेंडर में विस्फोट, मां और तीन बच्चों की मौत

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया के भलुअनी क्षेत्र में शनिवार सुबह घर में चाय बनाते समय गैस सिलेंडर में विस्फोट के बाद लगी आग से झुलस कर एक महिला और उसके तीन बच्चों की मौत हो गयी। उपजिलाधिकारी बरहज दिशा श्रीवास्तव ने बताया कि भलुअनी क्षेत्र के ग्राम डुमरी में शिव शंकर की पत्नी आरती देवी ने आज सुबह करीब पांच बजे चाय बनाने के गैस जलाई तो गैस सिलेंडर के रेगुलेटर में आग पकड़ लिया। गैस सिलेंडर में आग लगने से सिलेंडर में विस्फोट हो गया। इस हादसे में आरती देवी (35), उनकी बेटी आंचल(14) बेटा कुंदन(12) और 11 माह की बेटी सृष्टि की जलने से मौत हो गई। सिलेंडर में विस्फोट से मकान की दीवार और टीन सेड क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के समय तीनों बच्चें कमरे में सो रहे थे।

## इंदौर में रंगपंचमी की 'गेर' में उमड़े हजारों हुरियारे, मुख्यमंत्री भी शामिल हुए

इंदौर (मध्यप्रदेश)। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में फागुनी मस्ती के माहौल में रंगपंचमी पर हर साल निकाली जाने वाली 'गेर' (होली की विशाल शोभायात्रा) में शनिवार को हजारों लोग शामिल हुए और त्योहारी उल्लास में डूब गए। राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शहर में गेर की करीब 75 साल पुरानी रंगारंग परंपरा में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ एक खुले वाहन में सवार हुए और उन्हें गेर में शामिल लोगों पर पिचकारी से रंग बरसाते देखा गया। यादव ने संवाददाताओं से कहा, 'गेर होली खेलने वाले लोगों की वह टोली है जो सबको अपना बनाने के लिए निकलती है।' उन्होंने कहा कि गेर की गौरवशाली परंपरा विजयोत्सव की प्रतीक भी है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''पुराने दौर में अलग–अलग समुदाय के लोग अपने पारंपरिक प्रतीक चिह्नों के साथ दल–बल संग गेर में शामिल होते थे।' अधिकारियों ने बताया कि इंदौर का जिला प्रशासन गेर को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के तौर पर यूनेस्को की सूची में शामिल कराने के लिए प्रयास कर रहा है। गेर को 'फाग यात्रा' के रूप में भी जाना जाता है जिसमें शहर के हजारों हुरियारे बगैर किसी औपचारिक बुलावे के उमड़ते हैं और होली खेलते हैं। रंगपंचमी पर यह रंगारंग जुलूस शहर के अलग–अलग हिस्सों से गुजरते हुए ऐतिहासिक राजबाड़ा (इंदौर के पूर्व होलकर शासकों का महल) के सामने पहुंचता है जहां रंग–गुलाल की चौतरफा बौछारों के बीच हुरियारों का आनंद में डूबा समूह कमाल का मंजर पेश करता है। जानकारों ने बताया कि शहर में गेर की परंपरा रियासत काल में शुरू हुई, जब होलकर राजवंश के लोग रंगपंचमी पर आम जनता के साथ होली खेलने के लिए सड़कों पर निकलते थे। उन्होंने बताया कि होलकर शासकों के राज में गेर में बैलगाड़ियों पर लदी कड़ाहियों से बड़ी–बड़ी पिचकारियों के जरिये रंग भरा जाता था और इसे हुरियारों पर बरसाया जाता था।



# बिहार में आरजेडी 26, कांग्रेस 9 और लेफ्ट दल 5 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

### –लालू ने सभी सीटों पर किए उम्मीदवार घोषित, कांग्रेस कल कर सकती है घोषणा



**पटना (एजेंसी)।** बिहार में सीटों को लेकर आरजेडी और कांग्रेस के बीच चल रही खींचतान खत्म हो गई है। महागठबंधन में काफी मशक्कत के बाद लालू की आरजेडी बिहार में सबसे ज्यादा सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। उसके बाद कांग्रेस और फिर लेफ्ट दलों बंटावारे में आई सीटों पर अपने-अपने उम्मीदवार उतारेंगे। उम्मीदवारों को लेकर कांग्रेस की कल यानी रविवार को दिल्ली में बैठक होने वाली है।

आखिरकार बिहार में विपक्षी महागठबंधन दलों के बीच सीट बंटवारा हो चुका है। लालू यादव की आरजेडी को 26, कांग्रेस 9 और लेफ्ट दलों (भाकपा माले, भाकपा और माकपा) को 5 सीटें मिली हैं। ज्ञात हो कि कांग्रेस ने 2019 में भी 9 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इनमें से सिर्फ एक सीट पर जीत हासिल हुई थी। वहीं आरजेडी एक भी सीट हासिल नहीं कर सकी थी।

लालू यादव ने उनके खाते में आई सभी सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। सीटें बंटावारे के बाद अब कांग्रेस भी अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित करने में जुट गई है। कांग्रेस चुनाव समिति की 31 मार्च यानी रविवार को दिल्ली में बैठक होनी है, जिसमें बिहार में किन उम्मीदवारों को टिकट देना है इस पर बातचीत होगी। सूत्रों की मानें तो इसी दिन कांग्रेस अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर सकती है।

किशनगंज से वर्तमान सांसद मोहम्मद जावेद का नाम इस बार भी लगभग तय माना जा रहा। भागलपुर से विधायक अजीत शर्मा का नाम सबसे आगे चल रहा है। कटिहार से तारिक अनवर कांग्रेस के उम्मीदवार हो सकते हैं। पटना साहिब सीट पर मीरा कुमार के बेटे अंशुल अभिजीत और राजकुमार राजन के नाम मोहर लग सकती हैं। वहीं समस्तीपुर सीट से पूर्व आईपीएस वीके रवि और अशोक राम दावेदारों में माने जा रहे हैं। कांग्रेस मुजफ्फरपुर से विधायक विजेंद्र चौधरी को अपना लोकसभा उम्मीदवार बना सकती है। महाराजगंज से विधायक विजय शंकर दुबे और कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह के बेटे आकाश सिंह के नाम की चर्चा है। पश्चिम चंपारण से केदार शाश्वत कांग्रेस प्रत्याशी हो सकते हैं। वहीं सासाराम सीट पर पार्टी किसी नए चेहरे को मौका दे सकती है।

लालू यादव की आरजेडी बिहार में जिन 26 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी उनमें दरभंगा, बांका, अररिया, मुंगेर, सीतामढ़ी, वैशाली, झंझारपुर, मधुबनी, सीवान, हाजीपुर, औरंगाबाद, मधेपुरा, सुपौल, पूर्णिया, गया, जमुई, नवादा, सारण, पाटलिपुत्र, बक्सर, उजियारपुर, जहानाबाद, वाल्मीकि नगर, पूर्वी चंपारण, शिवहर और गोपालगंज शामिल हैं। भाकपा माले तीन सीटों आरा, नालंदा और काराकाट से चुनाव लड़ेगी। भाकपा को बेगूसराय और माकपा को खगड़िया सीट मिली है।

### एनडीए में भाजपा 17 तो जेडीयू 16 पर लड़ेगी चुनाव

भाजपा और नीतीश कुमार की जेडीयू (एनडीए) के सीट बंटावारे की बात करें तो भाजपा 17 और जेडीयू 16 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। वहीं चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 5 सीटें मिली हैं जिस पर वह चुनाव लड़ रही है। जीतन राम मांझी की हिन्दुस्तान आवाम मोर्चा और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा को 1-1 सीट पर ही संतोष करना पड़ा है।

# आसिफा भुट्टो निर्विरोध संसद सदस्य निर्वाचित



इस्लामाबाद, । आसिफ अली जरदारी के राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद खाली हुई सीट पर पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की छोटी बेटी आसिफा भुट्टो जरदारी को निर्विरोध संसद सदस्य निर्वाचित हुईं। आसिफा ने सिंध प्रांत के शहीद बेनजीराबाद इलाके की एनए-207 सीट के लिए हुए उपचुनाव में भाग लिया था। यह सीट आसिफा के पिता आसिफ अली जरदारी के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद खाली हुई थी। क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार तीन उम्मीदवारों के नाम वापस लेने के बाद आसिफा निर्विरोध निर्वाचित हो गईं।

# रमजान के महीने में सऊदी अरब में तैयार हो गई दुनिया की पहली मस्जिद

जेद्दा । रमजान के महीने में सऊदी अरब को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। सऊदी अरब के जेद्दा शहर में दुनिया की पहली 3डी प्रिंटिंग तकनीक से बनी मस्जिद का उद्घाटन हुआ है। 3डी प्रिंटिंग तकनीक से बनी मस्जिद को जेद्दा के जवहरा में बनाया गया है। मस्जिद का नाम स्वर्गीय अब्दुलअजीज अब्दुल्ला शर्बतली के नाम पर रखा गया है। अब्दुलअजीज की पत्नी सऊदी की मशहूर उद्यमी वजनात अब्दुलवहीद ने अपने पति की याद में मस्जिद का निर्माण किया है। मस्जिद प्रोजेक्ट का नेतृत्व फुर्सन रियल एस्टेट की मालकिन अब्दुलवहीद ही कर रही थीं। मस्जिद बनाने के लिए अब्दुलवहीद ने 3डी प्रिंटिंग के क्षेत्र में बड़ा नाम प्रसिद्ध चीनी निर्माता गुआनली से अत्याधुनिक 3डी प्रिंटर से खरीदी तकनीक का इस्तेमाल किया। मस्जिद के बारे में बताकर अब्दुलवहीद ने बताया कि मस्जिद वास्तुशिल्प सुंदरता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मस्जिद का डिजाइन ऐसा किया गया है कि यह लोगों के बीच शांति और आतिथ्य की भावना को बढ़ावा दे। उनका कहना है कि सऊदी अरब इस तकनीक का इस्तेमाल कर विशाल मस्जिद बनाने वाला पहला देश बना है। 3डी प्रिंटिंग मस्जिद का निर्माण सऊदी अरब के वास्तविक शासक क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन सलमान के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट विजन 2030 को बढ़ावा देता है। इस विजन का उद्देश्य सऊदी की तेल आधारित अर्थव्यवस्था में विविधता लाना है। इसके तहत सऊदी विदेशी निवेश, पर्यटन जैसे क्षेत्रों में भारी निवेश कर रहा है। इस्लाम में मक्का और मदीना को दो सबसे पवित्र स्थलों के रूप में जाना जाता है। ये दोनों ही पवित्र शहर सऊदी अरब में स्थित है। हर साल मक्का में हज और उमराह के लिए लाखों की संख्या में पर्यटक सऊदी अरब पहुंचते हैं। सऊदी अरब अपने अर्थव्यवस्था में विविधता के लिए रूढ़िवादी इस्लामिक देश की अपनी छवि भी बदल रहा है और उदार इस्लाम को अपना रहा है।

# मुइज्जू ने पूर्ववर्ती राष्ट्राध्यक्ष पर लगाया गंभीर आरोप, विदेशी राजदूत की तरह काम करने का

माले । मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने अपने पूर्ववर्ती राष्ट्राध्यक्ष को एक विदेशी राजदूत के रूप में काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इब्राहिम मोहम्मद सोलिया एक विदेश राजदूत के आदेशों पर काम करते थे। हालांकि, मुइज्जू ने किसी देश का नाम नहीं लिया और न ही किसी राजनयिक का नाम लिया। मुइज्जू ने इंटरव्यूद के दौरान सैन्य ड्रोन की खरीद को लेकर विपक्ष की आलोचना के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देकर कहा कि साल 2018 से 2023 तक मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के पास भी संसद में बहुमत था। हालांकि, पार्टी मालदीव की स्वतंत्रता की रक्षा करने में विफल रही और उन्होंने एक विदेशी देश के हाथों में छोड़ दिया। इब्राहिम सोलिह ने एक विदेशी राजदूत के आदेश पर काम किया था, जिसके परिणामस्वरूप देश को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, हमने आर्थिक सहित सभी अर्थों में अपनी स्वतंत्रता खो दी थी। यह सब करने के बाद वे इन सबका हल करने और देश को वापस रास्ते पर लाने के हमारे प्रयासों को स्वीकार नहीं करने वाले हैं, जो मालदीव के लोग चाहते हैं।

# मैक्सिको में नौका हादसे में आठ प्रवासियों की मौत

मैक्सिको सिटी । मैक्सिको के दक्षिणी प्रशांत तट के पास एक नौका हादसे में आठ प्रवासियों की मौत हुई है। प्रारंभिक जांच के आधार पर मृतक संभवत- एशिया के थे। अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। अभियोजकों ने कहा कि इस हादसे में जीवित बचे एक एशियाई व्यक्ति का पता लगा लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच के आधार पर ऐसा प्रतीत होता है कि इस हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति एशिया के थे। मृतकों के शव प्लाया विसेंटे शहर में एक समुद्र तट के पास मिले। नौका हादसे का कारण पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

# गुड फाइडे के पारंपरिक जुलूस में शामिल नहीं हुए पोप फांसिस

रोम । पोप फांसिस रोम के एक बड़े कलागृह में निकाले गए गुड फाइडे के पारंपरिक जुलूस में शामिल नहीं हुए। जिससे उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंताए फिर बढ़ गई हैं। वेटिकन ने जुलूस में उनके शामिल नहीं होने की जानकारी दी है। फांसिस के 'वे ऑफ क्रॉस' जुलूस की अगुवाई करने की उम्मीद थी जो ईसा मसीह के जुनून और उन्हें सलीब पर चढ़ाने की घटना का पुन-प्रदर्शन करता है। जैसे ही कार्यक्रम शुरू होने वाला था, तब वेटिकन ने घोषणा की कि फांसिस अपने घर से कार्यक्रम की निगरानी कर रहे हैं। यह पहली बार है जब वह पोप के अपने 11 वर्ष के कार्यकाल में पारंपरिक कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए हैं। वेटिकन ने बयान में कहा, '' प्रार्थना और ईस्टर रविवार को होने वाली सभा के मद्देनजर उनकी सेहत के लिए पोप फांसिस आज शाम कलागृह में 'वे ऑफ क्रॉस' जुलूस की कासा सांता मार्टा से निगरानी करने वाले है।

# चीन के शख्स ने मुंह से नलके की तरह पानी निकलकर बनाया रिकॉर्ड

बीजिंग । एक शख्स ने सबसे अधिक समय तक लगातार मुंह से एक नलके की तरह पानी निकालकर वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया है। इतना ही नहीं शख्स ने गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज कराया है। दुनिया में कई लोग अजीबोगरीब तरह के रिकॉर्ड बनाते हैं, जिन्हें करना, तब दूर उनके बारे में सोचना भी मुश्किल होता है। हाल ही में एक शख्स ने बहुत ही अजीबोगरीब वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है, इसके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। इसकारण हर तरफ इसकी ही चर्चा हो रही है। शख्स का गजब का टैलेंट देखकर हर कोई हैरान रह गया है। दरअसल शख्स ने सबसे अधिक समय तक लगातार मुंह से एक नलके की तरह पानी निकालकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है, और गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज कराया है। हाल ही में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक शख्स को अजीबोगरीब रिकॉर्ड बनाते हुए देखा जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के रहने वाले 35 साल के शख्स ने पहले 4.5 लीटर पानी पिया। इसके बाद वहां लगातार पांच मिनट, 51.88 सेकंड तक एक नलके की तरह अपने मुंह से पानी निकालता रहा। शख्स का नाम मा हुआ है। रिकॉर्ड को पूरा करने के लिए पानी को लगातार बिना रुके मुंह से बाहर निकालना था। पानी मुंह से इस तरह टपकना चाहिए जैसे पानी नल से निकलता है बिना रुके। इस रिकॉर्ड को बनाने के लिए मा हुआ ने बिल्कुल ऐसा ही किया। इससे पहले ये रिकॉर्ड इथियोपिया के किरुबेल यिल्मा ने 2016 में बनाया था।

# बारिश से मकान की छत गिरने से पांच मजदूरों की मौत

लाहौर। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में भारी बारिश के कारण मकान की छत गिरने से करीब पांच खदान श्रमिकों की मौत हुई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, यह मकान स्थानीय कोयला खदान के बाहर मजदूरों के रहने के लिए बना था। उन्होंने बताया कि मूसलाधार बारिश के कारण कोयला खदान ढह गई और पांच मजदूर मलबे में दब गए जिससे उनकी मौत हो गई।



काठमांडू में पचाली भैरव खड्गे सिद्धी जतरा उत्सव में लोग विभिन्न देवताओं की वेशभूषा धरे हुए नजर आये।

# सऊदी अरब ने दुश्मन देश के लिए खोला खजाना, हजारों जरुरतमंद परिवारों को मिलेगा फायदा

रियाद । सऊदी अरब के किंग सलमान रिलीफ सेन्टर ने यमन को जकात अल-फितर पहुंचाने के लिए एक नागरिक समाज संगठन के साथ समझौते किया हैं। इस समझौते से यमन के 31,333 जरूरतमंद परिवारों को फायदा मिलेगा। समझौते का मकसद यमन के जरूरतमंदों लोगों को ईद से पहले मदद पहुंचाना है, जोकि ग्रहयुद्ध के कारण मानवीय संकट से गुजर रहे हैं। इससे पहले एजेंसी ने सऊदी रिलीफ सी ब्रिज के जरिए सूडान के लिए अपना सातवां रिलीफ शिपमेंट रवाना था। शिपमेंट में 12 रेफ्रिजरेटर ट्रक शामिल थे, जिनमें 14,960 फूड पार्सल थे। यह जेद्दा शिप इस्लामिक बंदरगाह से चलके गुरुवार को सूडान के सुआकिन बंदरगाह पहुंचा। यह मदद सूडान में खाद्य सुरक्षा परियोजना के दूसरे फेज का हिस्सा है, जिसे सऊदी एजेंसी द्वारा चलाया जा रहा है।

एजेंसी ने मलेशिया को 25 टन खजूर तोहफे में दिए हैं। कई मलेशियाई अधिकारियों की मौजूदगी में मलेशिया में सऊदी राजदूत मुसैद बिन इब्राहिम अल-सलीम ने एजेंसी की ओर से गिफ्ट दिए। इस मौके पर अल-सलीम ने सऊदी अरब और मलेशिया के बीच मजबूत रिश्ते की सराहना की। इसके अलावा रिलीफ ने दक्षिण अफ्रीका के जरूरतमंद परिवारों को 400 फूड पार्सल बाटे हैं। यह वितरण दक्षिण अफ़्रीका में रमज़ान एताम खाद्य वितरण परियोजना का हिस्सा है। सऊदी अरब केएस रिलीफ के तहत संकट से जूंझ रहे कई देशों की मदद कर रहा है। सुडान में चल रहे सऊदी रिलीफ मिशन से करीब 1।5 मिलियन लोगों को फायदा मिलने की उम्मीद है। यह पहल सूडानी लोगों के सामने आने वाली मौजूदा परिस्थितियों को कम करने में मदद कर रही है। सऊदी अरब और सूडान के बीच पहले से ही मजबूत रिश्ते रहे हैं और अब सुडान के बुरे वक्त में सऊदी अरब उसके काम आ रहा है।

# परमाणु प्रोग्राम, सैनिकों की पोजीशन, पुतिन का स्वास्थ्य, क्या सच में यूएस तक पहुंचा दी गई सारी जानकारियां, रूसी पॉप स्टार मोसाद एजेंट हैं?

**मास्को (एजेंसी)।** जंग के मैदान से इतर एक अलग खबर सामने आई है। पुतिन के घर से जासूस को लेकर कई सारी बातें कही जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कहा जा रहा है कि रूस में एक जासूसी नेटवर्क एक्टिव था। इस रूस के जासूसी नेटवर्क के केंद्र में एक टॉप पॉप गायिका थी। अल्ला पुगाचेवा पर आरोप लग रहे हैं कि एक दशक से बहुत सारी जानकारियां पश्चिम देशों को भेजी हैं। आशंका जताई जा रही है कि क्या रूस के गुप्त परमाणु हथियारों की तकनीक यूरोप और अमेरिका तक पहुंचाई गई है? इसके साथ ही रूस की घातक मिसाइलों के तैनाती की जानकारी लीक की गई है। तमाम तरह के सवाल उठ रहे हैं और कटघरे में पॉप गायिका अल्ला पुगाचेवा का नाम सामने आ रहा है।

रूस की तरफ से पॉप स्टार को विदेशी एजेंट घोषित करने की मांग उठने लगी है। अल्ला पुगाचेवा पर मोसाद एजेंट होने का शक है। अल्ला पुगाचेवा यूक्रेन युद्ध और पुतिन सरकार की आलोचक रही हैं। 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से इजरायल में रह रही हैं। इसलिए मोसाद से कनेक्शन जोड़ा जा रहा है। अल्ला पुगाचेवा के पति मैक्सिम गल्किन पुतिन विरोधी हैं। गल्किन को रूस में विदेशी एजेंट का टैग हासिल है। वहीं पुगाचेवा पर क्लासिफाइड जानकारियां लीक करने के गंभीर आरोप हैं। इसके साथ ही कहा जा रहा है कि रणनीतिक जानकारियों तक उनकी पहुंच रही है। रूस को राजनीतिक तौर पर अस्थिर करने का भी आरोप है।



पॉप स्टार को लेकर कहा जा रहा है कि मोसाद के लिए शीत युद्ध में भी काम किया है। मोसाद के माध्यम से उन्होंने सैकड़ों अहम जानकारियों को अमेरिका तक पहुंचाया है। पश्चिमी देश शीत युद्ध से ही रूस की जासूसी करते आए हैं। अब रूसी पॉप स्टॉर पर विदेशी जासूस होने का शक जताया जा रहा है।

# बाइडन का दावा, जी20 में जिस भी देश के नेता से मिले सभी ने कहा- डोनाल्ड ट्रंप को जीतने नहीं दे सकते

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। इस पद के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक दूसरे को कड़ी टक्कर देते दिखाई दे रहे हैं। दोनों नेताओं के बीच वार-पलटवार का दौर जारी है। अब बाइडन ने दावा किया है कि भारत में हुए जी20 समेत कई बैठकों में दुनियाभर के नेताओं ने उनका समर्थन किया है। साथ ही उनसे यह भी कहा कि वह आगामी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को नहीं जीतने दे सकते हैं।

उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब राष्ट्रपति बाइडन ने न्यूयॉर्क में अपने चुनाव प्रचार के दौरान एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि विश्व के नेता हमेशा कहते हैं कि उनका लोकतंत्र दांव पर है। उन्होंने कहा, भारत में जी20 बैठक हो या किसी अन्य देश में हुई बैठक, जब भी दुनिया भर के नेता जुटते हैं तो वो यही कहते हैं कि आप उन्हें (ट्रंप) जीतने नहीं देंगे।

### मैं बढ़ा- चढ़ाकर नहीं बता रहा

उन्होंने कहा, आपको लग रहा होगा कि मैं बढ़ा- चढ़ाकर बता रहा हूं, पर ऐसा नहीं है। मैं बिना नाम लिए पत्रकारों को बता सकता हूं कि करीब सभी देशों के नेता मुझसे यह बात कह चुके हैं। दुनिया भर से आए नेता मुझसे हाथ मिलाते हुए कहते हैं कि देश का लोकतंत्र दांव पर है। उन्होंने आगे कहा, मैं यही कहूंगा कि यह एक अतिशयोक्ति नहीं है। इसके बारे में सोचिए। यह एक ऐसा शख्स है, जो नाटो से दूर हो गया है।

### अमेरिका के साथ क्या हो रहा है

राष्ट्रपति बाइडन ने ट्रंप के उस अपने बयान पर भी प्रकाश डाला, जिसमें कहा गया है कि वह रूस को उन देशों के साथ जो कुछ भी करना चाहता है उसे करने के लिए प्रोत्साहित करेगा जो रक्षा पर अपने सकल घरेलू उत्पाद का दो प्रतिशत खर्च नहीं करते हैं। बाइडन ने कहा, बस आप देखो कि उन्होंने क्या किया है। बाकी दुनिया सोच रही है कि अमेरिका के साथ क्या हो रहा है। हालांकि वह राहत महसूस कर रहे हैं, इसलिए नहीं कि मैं बहुत खास हूं, बल्कि इसलिए कि मैं ट्रंप नहीं हूं। मैं गंभीर हूं। काश ऐसा इसलिए ही होता क्योंकि उन्हें लगता कि बाइडन इतने गंभीर व्यक्ति हैं। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि वे मेरा सम्मान करते हैं। मुझे लगता है कि वे मेरी बात सुनते हैं। लेकिन मुद्दा यह है कि ऐसा इसलिए है क्योंकि अगर वह (ट्रंप) फिर से जीतते हैं तो वे अपने देशों के लिए मौत से डरते हैं।

# इटली में जारी है जन्म दर में गिरावट-जन्म लेने वाले बच्चों की औसत संख्या 1.24 से घटकर 1.2 रह गई

रोम। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग ने एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि जिसमें हर देश में 65 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों की हिस्सेदारी का विश्लेषण किया गया, जापान 29.8 फीसदी और 23.7 फीसदी बुजुर्गों के साथ इटली दूसरे स्थान पर है, लेकिन फिनलैंड 22.9 फीसदी, पुर्तगाल 22.6 फीसदी, और यूनान 22.5 प्रतिशत से अधिक है। हम इटली की बात करें तो यहां जन्मदर में गिरावट दर्ज की गई है जबकि आप्रवासन के कारण कुल जनसंख्या स्थिर है। इटली में 1 जनवरी, 2024 तक लगभग 5.89 करोड़ लोग थे, जिसमें पिछले साल के मुकाबले 7,000 लोगों की गिरावट है। आंकड़ों से पता चला है कि पिछले साल 379,000 बच्चे पैदा हुए थे, और जन्म दर 2022 में 6.7 प्रति हजार तुलना में प्रति 1,000 लोगों पर 6.4 बच्चों के बराबर थी। संख्यात्मक रूप से, यह 2022 की तुलना में 14,000 कम नवजात शिशु है और 2008 की तुलना में लगभग 197,000 कम है। वर्ष 2008 में पहली बार जन्म दर में गिरावट शुरु हुई थी। इटली में जन्म लेने वाले बच्चों की औसत संख्या 2022 में 1.24 से घटकर 2023 में 1.2 रह गई, जो 1995 में दर्ज प्रति महिला 1.19 बच्चों के सर्वकालिक निम्न स्तर के करीब था।

# राष्ट्रपति बाइडेन ने पाक पीएम शाहबाज को खत लिखा, कहा- पाकिस्तान को सपोर्ट करते रहेंगे

**वॉशिंगटन/इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में फरवरी में हुए आम चुनाव के बाद पहली बार अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नए पाक पीएम शाहबाज शरीफ के नाम एक खत लिखा। इसमें उन्होंने दोनों देशों के रिश्तों की अहमियत बताते हुआ पाकिस्तान के लिए अमेरिका के सपोर्ट की बात की।

खत में बाइडेन ने लिखा कि हमारी साझेदारी दुनियाभर के लोगों और क्षेत्र की सुरक्षा के लिए अहम है। अमेरिका वैश्विक और क्षेत्रीय चुनौतियों से निपटने के लिए हमेशा पाकिस्तान के साथ खड़ा रहेगा। इसी के साथ यह पहली बार है जब बाइडेन ने पाकिस्तान में चुनाव के बाद किसी प्रधानमंत्री से बात की है।

साल 2018 में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने चुनाव जीता था। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, तब अमेरिकी राष्ट्रपति ने उनसे कोई बात नहीं की थी। इसके बाद साल 2022 में इमरान की सरकार गिरने के बाद जब शाहबाज शरीफ ने सरकार बनाई, तब भी बाइडेन ने उनसे कोई संपर्क नहीं किया।

### दोनों देशों की साझेदारी मजबूत करने पर फोकस

बाइडेन ने अपने लेटर में लिखा कि अमेरिका विकास और मानवीय अधिकारों की रक्षा के लिए पाकिस्तान के साथ मिलकर काम करता रहेगा। दोनों देश मिलकर मजबूत साझेदारी और अपने नागरिकों के बीच बेहतर रिश्ते कायम करेंगे। इससे पहले पाकिस्तान में मौजूद अमेरिकी राजदूत ने 15 मार्च को पाकिस्तान को अमेरिका का अहम पार्टनर बताया था। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि पाकिस्तान की नई सरकार अमेरिका के साथ मिलकर द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करने के लिए काम करेगी।

# तालिबान का फरमान- यौन अपराध में लिप्त महिलाओं को पत्थर मार हलाक कर दें



**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में महिलाओं को व्यभिचार के लिए सार्वजनिक रूप से कोड़े मारे जाएंगे। इतना ही नहीं, पत्थर मारकर उस स्त्री की हत्या कर दी जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने पश्चिमी लोकतंत्र के खिलाफ लड़ाई जारी रखने की भी कसम खाई है और इस आश्य का फरमान जारी कर दिया है। तालिबान कहीं अफगानिस्तान को अंधकार युग में वापस लेकर न चला जाए, यह आशंका लंबे वक्त से जताई जा रही है। मगर, अब यह डर सच साबित होता नजर आ रहा है। दरअसल, तालिबान सुप्रीमो मुल्ला हिबतुल्ला अखुंदजादा ने सरकारी टेलीविजन पर नया संदेश जारी किया है।

इसके अलावा संवाददाताओं को भेजे गए निमंत्रण में कहा गया है कि 'बहनों के लिए उपयुक्त जगह की कमी के कारण, हम महिला पत्रकारों से माफी मांगते हैं।' अखुंदजादा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मिल रहे महिलाओं के अधिकार तालिबान की इस्लामी शरिया कानून के विरोधाभासी हैं। उन्होंने कहा, क्या महिलाएं उस तरह के अधिकार चाहती हैं जिनके बारे में पश्चिमी लोग बात कर रहे हैं? वे शरिया और मौलवियों की राय के खिलाफ हैं, जबकि मौलवियों ने पश्चिमी लोकतंत्र को उखाड़ फेंका। तालिबान प्रमुख के मुताबिक, हमने मुजाहिदीन से कहा कि हम पश्चिमी लोगों से कहते हैं कि आपके खिलाफ 20 साल लड़ाई लड़ी। हम आपके खिलाफ 20 या उससे भी अधिक बरसों तक लड़ेंगे। यह खत्म नहीं होने वाला है। हम इस धरती पर शरिया लाएंगे। गौरतलब है कि अफगानिस्तान के विद्यालयों में बुधवार को लड़कियों के बिना ही नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया। दरअसल, तालिबान ने छठी कक्षा से आगे की कक्षाओं में लड़कियों की पढ़ाई पर रोक लगा दी है। महिला शिक्षा पर रोक लगाने वाला अफगानिस्तान दुनिया का इकलौता देश है। संयुक्त राष्ट्र बाल एजेंसी के मुताबिक, प्रतिबंध से 10 लाख से अधिक लड़कियां प्रभावित हुई हैं। एजेंसी का यह भी अनुमान है कि सुविधाओं की कमी और अन्य कारणों से तालिबान के कब्जे से पहले ही 50 लाख लड़कियां विद्यालय छोड़ चुकी थीं। तालिबान के शिक्षा मंत्रालय ने नए शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत एक समारोह के साथ की जिसमें महिला पत्रकारों को शामिल होने की अनुमति नहीं थी।

# पाकिस्तान पहुंचे चीनी अधिकारी खुद करेंगे आतंकी हमले की जांच

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के अशांत पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर-पख्तूनख्वा में मंगलवार को विस्फोटक से भरे एक वाहन ने एक बस को टक्कर मार दी थी, जिससे बस में सवार कम से कम पांच चीनी नागरिकों की मौत हो गई थी। ये चीनी नागरिक दासू जलविद्युत परियोजना पर काम कर रहे थे। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि शुक्रवार को गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने यहां चीनी दूतावास में जांचकर्ताओं से मुलाकात की और उन्हें अब तक की जांच के बारे में जानकारी दी। इस भीषण आत्मघाती हमले की जांच के लिए चीनी अधिकारी पाकिस्तान पहुंचे हैं। पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में आतंकवादी हमले में चीन के पांच नागरिकों की मौत हो गई थी। अब इस मामले की जांच के लिए पड़ोसी देश से जांचकर्ता शुक्रवार को पाकिस्तान पहुंचे। चीन के ताजा कदम से प्रतीत होता है कि उसे पाकिस्तान की जांच पर भरोसा नहीं है।

'पावर कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन ऑफ चाइना' (पीसीसीसी) द्वारा केपी प्रांत के स्वाबी जिले में तारबेला पांचवीं एक्सटेंशन जलविद्युत परियोजना में कार्यों को निलंबित करने और 2,000 से अधिक श्रमिकों को नौकरी से निकालने के एक दिन बाद सामने आया है। खबर के अनुसार चीन के नागरिक दासू जलविद्युत परियोजना पर काम कर रहे थे और 4,320 मेगावाट की इस परियोजना का निर्माण विश्व बैंक की मदद से चीन गेझोउबा द्वारा किया जा रहा है। इसके अनुसार तारबेला परियोजना के बाद, चीनी कंपनियों ने सुरक्षा चिंताओं के कारण अब दासू और डायमर-भाषा बांधों पर काम रोक दिया है और दोनों परियोजनाओं पर काम कर रहे चीन के लगभग 1,000 इंजीनियरों ने काम बंद कर दिया है। 'द न्यूज इंटरनेशनल' की खबर के अनुसार, दोनों परियोजनाओं से जुड़े स्थानीय कर्मचारियों को अगले आदेश तक घर पर रहने का निर्देश दिया गया है। चीन के जांचकर्ताओं की यह यात्रा पाकिस्तान के अधिकारियों द्वारा हमले की अपनी जांच के प्रारंभिक निष्कर्षों को चीनी दूतावास के साथ साझा करने के दो दिन बाद हो रही है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को चीन के नागरिकों पर घातक आतंकवादी हमले की संयुक्त जांच का आदेश दिया। मंगलवार को हुए हमले की अभी तक किसी समूह ने कोई जिम्मेदारी नहीं ली है।

प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) से जुड़े विद्रोहियों ने हालांकि पहले विदेशी नागरिकों के खिलाफ ऐसे हमले किए हैं। विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज बलूच ने बृहस्पतिवार को साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा था कि इस तरह के घृणित हमले आतंकवाद से लड़ने के पाकिस्तान के संकल्प को और मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और चीन मिलकर आतंकवादियों के खिलाफ दृढ़ता से कार्रवाई करेंगे।

विदेश कार्यालय की प्रवक्ता ने कहा, ''पाकिस्तान में चीनी नागरिकों, परियोजनाओं और संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पाकिस्तान अपने चीनी भाइयों के साथ मिलकर काम करता रहेगा।'' पाकिस्तान के अशांत खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में एक आत्मघाती हमले में पांच चीनी नागरिकों के मारे जाने के बाद दो और चीनी कंपनियों ने जलविद्युत परियोजनाओं पर काम बंद कर दिया है। शुक्रवार को एक खबर यह जानकारी दी गई। दासू बांध परियोजना पर काम कर रहे एक अधिकारी ने पुष्टि की कि चीनी कंपनी ने काम बंद कर दिया है और स्थानीय कर्मचारियों को घर पर रहने के लिए कहा गया है।

### पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर लगाया आरोप

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अपनी सीमाओं के भीतर आतंकवाद से निपटने में अफगानिस्तान की प्रगति की कमी पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने पाकिस्तान के लिए खतरों को कम करने के लिए तालिबान सरकार द्वारा और अधिक कड़े सीमा नियंत्रण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है। आसिफ ने कहा, आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए सीमा पर बड़े पैमाने पर बदलाव की आवश्यकता है। पाकिस्तान में आतंकवाद का स्रोत अफगानिस्तान ही है। हमारे प्रयासों के बावजूद काबुल इस दिशा में कोई प्रगति नहीं कर रहा है। पाकिस्तान में हाल में कई आतंकवादी हमले हुए हैं। वह इनमें से कुछ के लिए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को जिम्मेदार मानता है। आपको बता दें कि टीटीपी अफगान तालिबान का हिस्सा है।

# ढांचागत सुविधाओं, पुस्तकालयों तथा पाठ्येतर गतिविधियों पर बजटीय आवंटन बढ़ाये विश्वविद्यालय-बंडारू दत्तात्रेय

## राज्यपाल ने की जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय कोर्ट की 12वीं बैठक की अध्यक्षता

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने विश्वविद्यालयों में ढांचागत सुविधाओं, पुस्तकालय तथा पाठ्येतर गतिविधियों पर बजटीय आवंटन को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए जरूरी है कि विद्यार्थियों को अच्छी सुविधाएं मिले। विद्यार्थी ज्यादा समय पुस्तकालयों में बिताएं और पाठ्येतर गतिविधियों, विशेष रूप से खेल गतिविधियों से खुद को जोड़े। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय जोकि हरियाणा के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी है, शुक्रवार को यहां जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में विश्वविद्यालय कोर्ट की 12वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर तथा कुलसचिव डॉ मेहा शर्मा भी उपस्थित थीं। बैठक में कुलसचिव डॉ मेहा शर्मा ने विश्वविद्यालय कोर्ट का एजेंडा प्रस्तुत किया, जिसमें वर्ष 2022-23 का वार्षिक लेखा, वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट तथा वर्ष 2024-25 के वार्षिक बजटीय आवंटन शामिल रहे। डीन (इंस्टीट्यूशन्स) प्रो.



संदीप ग्रोवर ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों तथा प्रो. अंजू गुप्ता ने वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट की विशेषताओं से राज्यपाल को अवगत करवाया। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि शिक्षा की आधारभूत सुविधा जितनी बेहतर होंगी, शिक्षा की गुणवत्ता उतनी बढ़ेगी। इसलिए, विश्वविद्यालयों को बेहतर ढांचागत व्यवस्थाओं को लेकर कार्य योजना बनानी चाहिए और इसमें सुधार करने पर बल देना चाहिए। इसी प्रकार, पुस्तकालय भी आधुनिक प्रौद्योगिकी से सुसज्जित होने चाहिए। पुस्तक कोष में नई पुस्तकों को समय-समय शामिल किया जाना चाहिए। पुस्तकालयों में ऐसी व्यवस्था हो, ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी पुस्तकालयों की सुविधाओं का लाभ उठा सके। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे पढ़ाते हुए विद्यार्थियों को पुस्तक संदर्भ जरूर दें ताकि वे विषय को लेकर बेहतर समझ बना सकें। राज्यपाल ने पाठ्येतर गतिविधियों, विशेष रूप से खेलों से विद्यार्थियों को जोडने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम में खेल गतिविधियों को विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य बनाये और यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक विद्यार्थी मैदान पर कुछ समय बिताये। राज्यपाल श्री दत्तात्रेय विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह प्रशंसनीय है कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करवा रहा है और उनमें उद्यमशीलता का भाव जागृत कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को अपने ऐसे पूर्व छात्रों का रिकार्ड रखना चाहिए जो उद्यमशीलता को अपना रहे है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विश्वविद्यालयों को सुशासन अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन में दक्षता लाने के लिए विश्वविद्यालयों को जरूरत के अनुरूप नई प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए तैयार रहना चाहिए।

# गंभीर बीमारियों के इलाज में बेहद कारगर है एआई तकनीक

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** बदलते दौर से साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग काफी बढ़ गया है। ये न केवल मरीजों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, बल्कि दूर दराज क्षेत्रों में रह रहे लोगों की खांसी, जुखाम जैसी बीमारियों का घर पर इलाज मदद भी कर रहा है। एक्सरे की रिपोर्ट हो या कैंसर संबधी जांच में यह बेहद कारगर साबित हुआ है। नेशनल डॉक्टर्स डे पर यह कहना है ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल के सर्जरी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय तथा नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र कुमार का। वरिष्ठ सर्जन डॉ. प्रबल रॉय ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का प्रचलन काफी बढ़ गया है। इसमें कंप्यूटर गहरी एनालाइसिस करने का प्रायस करता है और उसे हम जितनी जानकारी देंगे। उसका कंप्यूटर ही एनालाइसिस करके एक रिपोर्ट तैयार कर सकता है। उदाहरण के तौर पर आज हम कंप्यूटर में खांसी लिखते है तो उसमें लाखों जानकारी आ जाती है। हो सकता है वो जानकारियां उसके लिए अर्थहीन हो। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से अगर हम सर्च इंजन में आयु और बीमारी से संबधित जानकारी दे तो वह कंप्यूटर एनालाइसिस करके बीमारी के संबध में बेहतर जानकारी दे सकता है क्या बीमारी है इस डॉक्टर को दिखाना चाहिए और क्या इलाज है। उन्होंने कहा कि जब पहली बार कंप्यूटर आया था तब कहा जाता है कि लोग बेरोजगार हो जायेंगे और विरोध भी हुआ। लेकिन कम्प्यूटर पर इंसान हमकदम होकर बहुत आगे तक निकल आए है। आज हर चीज में कम्प्यूटर का इस्तेमाल हो रहा है। एआई से भी डॉक्टर बेरोजगार नहीं होंगे बल्कि ओर सशक्त होंगे। डॉ. जितेन्द्र कुमार ने कहा कि जब एक डॉक्टर मरीज को देखता है तो लक्षण या जानकारी के आधार पर बीमारी



का इलाज नहीं करता। एक इंसानी पहलू भी डॉक्टर और मरीज के बीच है। जब एक डॉक्टर मरीज के कंधे पर हाथ रख के उसको अस्वस्थ करता है कि किडनी फेलियर के बावजूद तुम जी सकते हो और उसके दुख दर्द को समझ कर उसके हिसाब से इलाज निर्धारित करता है तो वह इलाज मरीज को ज्यादा असर करता है। भारत जैसे देश में जहां संसाधनों की कमी है गरीबी ज्यादा है। उनके लिए डॉक्टर ही सब कुछ होता है। जबकि कम्प्यूटर मॉडल में इंसानी पहलू खो जाता है।

# विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल ने बांटी पांच लाख की स्कॉलरशिप

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** घरौडा ग्रेटर फरीदाबाद स्थित विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल ने आज अपना परीक्षा परिणाम घोषित किया। इस अवसर पर मेधावी बच्चों को अगली क्लास की पढ़ाई के लिए करीब पांच लाख रुपये की स्कॉलरशिप प्रदान की। स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाले बच्चों में करीब 70 प्रतिशत लड़कियां शामिल रहीं। यहां पिछले अनेक वर्षों से स्कॉलरशिप प्राप्त करने में लड़कियां ही बाजी मार रही हैं। बताया गया है कि वर्ष 2011 में स्कूल की स्थापना के समय से ही बच्चियों के लिए प्रवेश को निशुल्क रखा गया है जिससे मेधावी बच्चियों और उनके माता पिता का रुख विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल की ओर बढ़ा है। दीप प्रज्जवन कर कार्यक्रम




प्रारम्भ करने के बाद स्कूल चेयरमैन धर्मपाल यादव ने बताया कि परमात्मा ने समाज के जरिए हमें बहुत कुछ दिया है। ऐसे में समाज का सहयोग कर हम अपना फर्ज पूरा कर रहे हैं। यादव ने बताया कि स्कॉलरशिप देना, बेटियों को निशुल्क प्रवेश देना आदि सभी इसी फर्ज का हिस्सा हैं। निदेशक दीपक यादव ने बताया कि अपने स्कूल में सभी प्रकार की सुविधाएं देकर बच्चों को बेहतरीन माहौल देना हमारा मुख्य मकसद है। इसके लिए हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं। आज स्कूल में स्टेट ऑफ द आर्ट सुविधाएं मौजूद हैं। हम स्कूल में कई खेल अकादमी चला रहे हैं, जिनमें से राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी निकल रहे हैं। हमारे बच्चे 100 परसेंट रिजल्ट दे रहे हैं जिससे अभिभावक भी काफी प्रसन्न हैं। दीपक यादव ने बताया कि स्कूल ने संस्कार ही शिक्षा है तो अपना आदर्श वाक्य बनाया है। शिक्षा कहीं से भी मिल सकती है लेकिन संस्कारों के लिए विशेष प्रयास करने पड़ते हैं जो हम अपनी टीम के साथ मिलकर कर रहे हैं। प्रसन्नता की बात है कि इसमें अभिभावक भी हमारा सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा परिणाम और स्कॉलरशिप वितरण का समारोह कर हमने अन्य बच्चों को भी अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया है। अनेक बच्चों ने हमसे प्रॉमिस किया है कि वह अगली बार क्लास में टॉप करेंगे, जिससे हमें संतुष्टि मिलती है। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल रेखा मलिक, सेक्टर दो ब्रांच की प्रिंसिपल ज्योति चौधरी, सीनियर कोर्डिनेटर पूजा शर्मा, जूनियर कोर्डिनेटर भावना चौहान, प्री प्राइमरी कोर्डिनेटर मोनिका सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# फरीदाबाद को फिर दिलाएंगे औद्योगिक पटल पर नई पहचान-मूलचंद शर्मा

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व वाली सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने के बाद उद्योग,श्रम खाद्य नागरिक आपूर्ति एवम् उपभोक्ता मामले और चुनाव विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा का सेक्टर-8 कार्यालय पर लघु उद्योग भारती फरीदाबाद के बैनर तले कई उद्योगपतियों का प्रतिनिधिमंडल स्वागत करने पहुंचे। इसमें लघु उद्योग हरियाणा के सह प्रभारी एवम राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य और उद्योगपति अरूण बजाज, लघु उद्योग भारती बल्लभगढ़ इकाई के अध्यक्ष अशोक चौधरी , उद्योगपति गौतम चौधरी , जी एस एस.के.दमानी, जरनल सेक्रेटरी अमृतपाल कोचर , कोषाध्यक्ष राज कुमार भगत, संजय अरोड़ा, देशबंधु मदान ,सुशील सेठी , अनिल सेठी , राजेश सहगल . प्रशांत ठाकुर सहित कई लोगों ने संयुक्त रूप से कैबिनेट मंत्री को शॉल ओढ़ाकर और पॉट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उद्योगपति अरूण बजाज ने खुशी जताते हुए कहा की श्री मूलचंद शर्मा जी को उद्योग से जुड़ा विभाग मिलने के बाद फरीदाबाद इंडस्ट्रीज में काफी खुशी है। इसकी जो समस्याएं है उसे मंत्री जी खत्म करने का प्रयास करेंगे। उद्योगपति अरूण बजाज ने इंडस्ट्रीज में इंफ्रास्ट्रचर का मुद्दा उठाया ,वहीं जाजरू



औद्योगिक नगर की सडक़ों का मुद्दा उठाया जिस पर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आचार संहिता ख़त्म होने के बाद बनाने का भरोसा दिया। उद्योगपति गौतम चौधरी ने कहा की हम सब के लोकप्रिय विधायक मूलचंद शर्मा जी पर बीजेपी आलाकमान को जितना भरोसा है उतना ही फरीदाबाद उद्योग को उनसे काफी उम्मीदे है। श्री मूलचंद शर्मा की कार्यशैली का ही असर है की उन्हें पुन~ एक बार फिर बड़ा विभाग देकर उन पर विश्वास जताया गया है। उद्योग फरीदाबाद की रीढ़ की हड्डी है ऐसे में इसकी समस्याओं पर काम करने की जरुरत है। उद्योगपतियों की सारी बात सुनने के बाद उद्योग एवं श्रम विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि फरीदाबाद गुडग़ांव बड़े औद्योगिक हब है औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए वे बेहतर कार्य करने का काम करेंगे, उन्होंने कहा कि वह खुद औद्योगिक क्षेत्र फरीदाबाद जिले से आते हैं और फरीदाबाद औद्योगिक क्षेत्र की फिर से विश्व पटल पर पहचान बनाने के लिए भी प्रयास करेंगे , हालांकि उन्होंने यह कहा कि समय थोड़ा है फिर भी वह भरकस प्रयास करेंगे। फरीदाबाद सहित पूरे हरियाणा में मदर यूनिट को लेकर के भी प्रदेश के मुख्यमंत्री से बात करेंगे ताकि प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ सके। उद्योग मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि मजदूर के हितों के लिए भी बेहतर कार्य करने का काम करेंगे।

# पूरे देश में बज रहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका : धर्मबीर भड़ाना

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद से ही एनआईटी 86 के लोग लगातार धर्मवीर भड़ाना को बधाइयां दे रहे हैं । शुक्रवार को भी क्षेत्र के तमाम लोग धर्मवीर भड़ाना के कार्यालय पहुंचे और उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए बधाई दी । इस मौके पर धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अब पूरी दुनिया में डंका बज रहा है और वह भारत का नाम पूरी दुनिया में बुलंद कर रहे हैं । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से पूरा देश खुश है और यही कारण है कि इस बार 400 पार ने नारे को पूरे देश के लोग पसंद कर रहे हैं । उन्होने कहा कि देश में ही नहीं फरीदाबाद में भी इस बार जीत का रिकॉर्ड बनेगा और केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर भारी मतों से जीतेंगे । उन्होंने कहा कि 2047 में भारत को विकसित भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को और मजबूत करें और फरीदाबाद से भाजपा के उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को इस बार और ज्यादा रिकॉर्ड मतों से जिताएं । इस मौके पर युवा संगठन सेक्टर 48 फरीदाबाद के मुन्ना प्रधान, हिमांशु कटारिया, अंकित ,रवि कश्यप, अंशु, विशाल, मोंटू , राजू गुप्ता, भूवन , दीपक ठाकुर, संतोष, पिंटू तिवारी, सुजल वैद ,अंकित चौधरी, प्रमोद सांगवान, रवि दहिया, महेश आदि मौजूद थे ।

# बाहरी व्यक्तियों की सूचना न देने पर होगी कार्यवाही-राकेश आर्य

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने स्पष्ट किया है कि सभी नागरिक व संस्थाएं अपने क्षेत्राधिकार में ठहरने वाले विदेशी नागरिक की सूचना पुलिस को दें और वेरिफिकेशन करवाएं। इस संबंध में पूर्व में भी प्रशासन द्वारा निर्देश भी जारी किए गए हैं। लेकिन फिर भी कुछ संस्थाएं /व्यक्ति पुलिस वेरिफिकेशन से बचते हैं और अपने आप की वह शहर की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं ऐसी लापरवाही के कारण कोई भी घटना घटित हो सकती है। यहां जारी प्रेस बयान में पुलिस आयुक्त राकेश आर्य ने बताया कि बहुत से विदेशी नागरिक फरीदाबाद में इलाज करवाने के लिए आते हैं और हस्पताल की परमिसिस या आसपास के एरिया में किराए पर कमरा लेकर रहने की कोशिश करते हैं। विदेशी नागरिक भारत में अन्य भी बहुत सारे कार्यों से आते हैं और यहां पर ठहरते हैं। विदेशी नागरिकों को किराए पर कमरा देने से पहले हॉस्पिटल, शिक्षण संस्थान, होटल, सराय, धर्मशाला या गेस्ट हाउस संचालक को पुलिस विभाग से इसकी अनुमति लेना अति आवश्यक है। इसके लिए सेक्टर 21ए



**यहां जारी प्रेस बयान में पुलिस आयुक्त राकेश आर्य ने बताया कि बहुत से विदेशी नागरिक फरीदाबाद में इलाज करवाने के लिए आते हैं और हस्पताल की परमिसिस या आसपास के एरिया में किराए पर कमरा लेकर रहने की कोशिश करते हैं। विदेशी नागरिक भारत में अन्य भी बहुत सारे कार्यों से आते हैं और यहां पर ठहरते हैं।**

कार्यालय से विदेशी नागरिकों को ठहरने के लिए फॉर्म सी भरने की अनुमति लें। बिना अनुमति किसी विदेशी नागरिक को किराए पर रखना देश की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है। इसके साथ ही होटल संचालक विदेशियों के पहचान पत्र की जांच करने के पश्चात उनके आने व जाने का समय अपने रजिस्टर में दर्ज करें एवं पुलिस को सूचना दें। नियमों का उल्लंघन करने पर हॉस्पिटल या होटल या गेस्ट हाउस के संचालक के खिलाफ फॉर्नर एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिसके अंतर्गत 5 साल तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है इसलिए सभी नागरिकों से अनुरोध है कि बाहर से आए किसी भी व्यक्ति को किराए पर रखने से पहले उसकी अनुमति लें अवश्य लें तथा पुलिस जांच पूरी के पश्चात ही उन्हें किराए पर रखें।















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक दिनेश शर्मा द्वारा स्वास्तिका क्रिएशन, 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से मुद्रित करवाकर मुख्य कार्यालय 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से प्रकाशित किया।
पीआरबी एक्ट के अंतर्गत रचनाओं के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्यायक्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। फोन : 011-26386221 मो. : 9810635211 DCP Licencing No. F.2 (F-10) Press/2017 RNI No. - DELHIN/2017/76338